26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 27 मार्च, 2026

अंक- 151 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## ऊर्जा संकट के बीच सरकार का बड़ा फैसला

# पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर 3 रुपये किया, डीजल पर शून्य

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उसके कारण उपजे ऊर्जा संकट के बीच सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दरअसल वित्त मंत्रालय द्वारा 26 मार्च को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल पर 10 रुपये एक्साइज ड्यूटी घटाने का फैसला किया है। सरकार के इस कदम के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी, जो पहले 13 रुपये थी, वो अब घटकर 3 रुपये रह गई है और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी, जो पहले 10 रुपये थी, वो अब शून्य हो गई है। यह कदम पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच कच्चे तेल की बढ़ती वैश्विक कीमतों से जूझ रही तेल विपणन कंपनियों, एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसी को राहत देने के



लिए उठाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि सरकार ने इस संकट के बावजूद अभी तक पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखे हैं, जिससे देश में ईंधन विपणन कंपनियां दबाव में थीं। रेटिंग एजेंसी ICRA ने गुरुवार को जारी नोट में कहा कि यदि कच्चे तेल का औसत मूल्य 100-105 डॉलर प्रति बैरल तक रहता है, तो ईंधन कंपनियों को पेट्रोल पर 11 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 14 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान हो सकता है। इस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं।

# देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा- रिजिजू

## हालात काबू में



**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आज सुबह संसद के बाहर लॉकडाउन की खबरों को भ्रामक बताया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि देश में लॉकडाउन नहीं लगेगा। उन्होंने संसद के बाहर कहा- हालात काबू में हैं। पीएम मोदी खुद स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं।

दरअसल पीएम ने लोकसभा में चार दिन पहले कहा था- आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। कोरोना काल की तरह टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। वहीं पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी कहा कि लॉकडाउन को लेकर फैल रही अफ़वाहें पूरी तरह गलत हैं। सरकार का ऐसा कोई प्रपोजल नहीं है। पीएम ने चार दिन पहले संसद में कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है, इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। प्रधानमंत्री आज शाम सभी मुख्यमंत्रियों से बात भी करने वाले हैं। पीएम ने साफ तौर पर कहा था कि पैनिक नहीं होना है। जमाखोरियों को चेतावनी दी है। राज्य सरकारों से कहा है कि कोई भी होर्डिंग न करे। भारत सरकार के कंट्रोल में पूरी स्थिति है। आम लोगों को तकलीफ न हो इसके लिए टॉप लेवल से लेकर नीचे लेवल तक यहां तक कि पीएम खुद मॉनीटर कर रहे हैं।




महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ (श्याम बाबा) के दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला

रम्मू का चौराहा, बिजनौर मो. 9927652453


## मां की मौत के गम में बेटे की भी मौत

**चांदपुर (चिंगारी)।** मां की मौत के ग़म में पुत्र की भी मौत हो गई। मां-बेटे की मौत से मुहल्ले में शोक छा गया तथा घर में कोहराम मच गया। नगर के मुहल्ला कटकूई निवासी श्रीमती नुसरत 60 वर्ष का बीती रात लगभग 2 बजे बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। मां के इंतकाल के ग़म में तड़के में उनके पुत्र निसार अहमद 30 वर्ष का भी इंतकाल हो गया। मां-बेटे की मौत से मुहल्ले में शोक छा गया।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में

शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल मैनेजर व मैकेनिक की।

सम्पर्क करें- मो. 9084329100

*नियम व शर्तें लागू

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

## भारी गहमागहमी के बीच संपन्न हुई जिला बार एसोसिएशन के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया

# अध्यक्ष पद हेतु राजेंद्र सिंह सहित 3 ने कराई नामज़दगी


राजेंद्र सिंह


गुलसिताब

**बिजनौर ( चिंगारी )। जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव हेतु आज नामांकन कराया गया, जिसमें राजेन्द्र सिंह एडवोकेट सहित अध्यक्ष पद पर तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए। चुनाव 31 मार्च को होगा।**

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत के अनुसार अध्यक्ष पद पर राजेंद्र कुमार, शेर सिंह और अभय सिंह उर्फ हैप्पी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर करतार सिंह, संदीप कुमार, छतर पाल तथा इसरार उर्फ राजा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर तुषार चौधरी तथा विकास नारायण यादव, महासचिव पद पर कोमल सिंह, गुलसिताब, मनोज कुमार शेट्टी, तेज सिंह सैनी, संजीव कुमार, सयुक्त सचिव प्रशासनिक पद पर शाहबाज अहमद, मोहित कुमार, मोहम्मद शारिक, कोषाध्यक्ष पद पर कविता चौधरी, शबाना तथा प्रीति चौहान, सांस्कृतिक सचिव पद पर वंदना आजाद तथा पूजा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरियन पद पर अभिषेक अग्रवाल, नितिन कुमार तथा राजीव धीमान, वरिष्ठ गवर्निंग कौंसिल मोहमद आदिल अहमद, अजीत कुमार खन्ना, ईशाक मंसूर, हेमंत राजपूत, शमीम अख्तर, विश्वनाथ शर्मा, सतीश कुमार, अमित कुमार, कनिष्ठ गवर्निंग कौंसिल पद पर नबील अहमद, आदित्य कुमार, मोहम्मद आकाश, संगीता कुमारी, परवेंद्र सिंह, जीशान आलम, हनुमान सिंह चौहान तथा मोहम्मद काशिद ने अपना नामांकन पत्र भरा। नामांकन पत्र दाखिल कराने में एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत, नरेन्द्र सिंह, ओमेंद्र त्यागी, बलवंत सिंह, धर्मपाल सिंह, वीरेन्द्र पाल सिंह तथा राजीव चौधरी आदि शामिल रहे। चुनाव 31 मार्च, मंगलवार की प्रातः 8 बजे से जिला जजी परिसर स्थित वीरेन्द्र सिंह बार हॉल में होगा


करतार सिंह

## मौलबियत के इम्तिहान में टॉप करने पर मौलाना मौ. वफाउर्रहमान को तब्लीगी जमात ने किया सम्मानित

**शेरकोट ( चिंगारी )।** इस्लामी तालीम के लिए पूरी दुनिया में मशहूर एवं एशिया के प्रमुख (मदरसा) दारूल उलूम देवबंद से (दौरे हदीस) मौलबियत के इम्तिहान में टॉप करने वाले शेरकोट के मौहल्ला मनिहारान निवासी मौलाना मौ. वफाउर्रहमान को तब्लीगी जमात द्वारा सम्मानित किया गया।



बृहस्पतिवार की रात नगर की जामा मस्जिद में तब्लीगी जमात के जिम्मेदारों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नगर और आसपास के उलेमा और जिम्मेदार लोग शामिल हुए। जमीअत उलेमा हिंद के पूर्व जिला सदर एवं मदरसा इस्लामिया अरबिया रहमानिया के मोहतमिम मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी की सदारत और मुफ्ती मौ. अनस की निजामत में हुए प्रोग्राम में मौलाना वफाउर्रहमान की इस कामयाबी को खुशी और पूरे जनपद के लिए फक्र की बात बताया गया। जिस पर उन्हें और उनके वालिद मौलाना अताउर्रहमान को मुबारकबाद देते हुए रोशन मुस्तकबिल की दुआएं दीं। इस मौके पर खिताब करते हुए मौलाना तौहीद उस्ताद दारूल उलूम देवबंद ने कहा कि बच्चों की सही तरबियत की जिम्मेदारी मां-बाप की है। उन्होंने कहा मां-बाप अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा तालीम दिलाकर बड़े से बड़े ओहदों पर पहुंचाएं। उन्होंने हर मां-बाप से अपने बच्चों को दुनिया के साथ साथ दीन की तालीम जरूर दिलाने का आह्वान किया। इस मौके पर शहर इमाम मुफ्ती अमानुर्रब ने मौलाना वफाउर्रहमान को शाल ओढ़ाकर और दीनी किताबें देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुफ्ती बिलाल अहमद मदरसा कासमिया अरबिया नगीना, कारी शमशाद, कारी इलियास, मौलाना इफ्तखार, मौलाना शरीफ अहमद, हाफ़िज़ बिलाल अहमद, डॉ. याकूब, हाफ़िज़ क़मर, मुफ्ती मोहम्मद सादिक़, मुफ्ती महबूब इलाही, मौ. शादाब उर्फ पप्पू भाई, महफूज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## पत्थरगढ़ के किले पर डॉ. राखी का सफाई अभियान 30 मार्च को



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सखी वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष एवं समाजसेविका डॉ. राखी अग्रवाल नजीबाबाद के ग्राम घिसटपुरी में स्थित पत्थरगढ़ किला (सुल्ताना डाकू का किला) पर 30 मार्च को सफाई अभियान चलाएगी। किले पर यह अभियान डॉ. राखी के नेतृत्व में सुबह 7 बजे से शुरू होगा। समाजसेविका डॉ. राखी अग्रवाल ने कहा कि प्रकृति, इतिहास व अपनी विरासत से प्यार करने वाले इस अभियान में भाग लेकर एक अच्छे कार्य का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक किले की इस अभियान के माध्यम से विशेष सफाई व सौंदर्यकरण किया जाएगा, ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जाए तथा किला देखने आने वाले पर्यटकों को वहां अच्छा वातावरण मिले। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व समाजसेविका डॉ. राखी अग्रवाल मालन नदी का भी सफाई अभियान चलाने के साथ सखी वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से गरीब लड़कियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें सिलाई, बुनाई सिखाने के साथ काफी उल्लेखनीय कार्य कर चुकी है।

## अलीशा नूर ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सेंट मैरिज इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा अलीशा नूर ने अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है। मंडावली निवासी अफरोज आलम की पुत्री अलीशा नूर ने अपनी कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कॉलेज व अपने गांव का नाम रोशन किया है। अलीशा नूर की बड़ी बहन भी पूर्व में कॉलेज टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुकी है। अलीशा नूर को कॉलेज के प्रबंधक फादर जॉस आलूकल, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक आलोक त्यागी, शिवओम राजपूत, रविकांत वर्मा, द्विजेंद्र त्यागी, पंकज सिंह के साथ ग्रामीण अल्तमस अंसारी, जैनुल मकरानी, शाहनवाज आलम, आमिर अंसारी आदि ने बधाई देते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## साहित्यकार प्रदीप डेजी की माता का निधन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता संजीव माहेश्वरी एड. व साहित्यकार प्रदीप डेजी की माता श्रीमती माया माहेश्वरी का बीमारी के चलते बीती रात निधन हो गया। आज सुबह उन्हें अंतिम संस्कार के लिए कनखल हरिद्वार ले जाया गया। उनके निधन पर नगर के अधिवक्ताओं, साहित्यकारों व गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

विनियमन समीक्षा समिति 9 अप्रैल को पहुंचेगी बिजनौर ( पेज 11 )



# गहने न लाने पर बारात को बंधक बनाया

**नहटौर ( चिंगारी )।** दूल्हे पक्ष द्वारा आभूषण न लाने पर दुल्हन पक्ष नाराज हो गया और बारात की विदाई नहीं हो पाई। दूल्हे और उसके परिजनों व रिश्तेदारों को बंधक बना लिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

नहटौर के एक गांव में नूरपुर के एक ग्राम से बारात आई थी। बताया जाता है कि बारात में निकाह के दौरान जब आभूषणों के बारे में दूल्हे पक्ष से वार्ता की गई तो उन्होंने पहले तो बताया कि आभूषण चोरी हो गये, लेकिन उसके बाद कहा कि आभूषण लेने का बजट नहीं है। जिस पर दुल्हन पक्ष भड़क गया और उसने बारात को बंधक बना लिया। बाराती तो किसी तरह खिसक गये, लेकिन दुल्हन पक्ष ने दूल्हे, उसके पिता और फूफा सहित कुछ रिश्तेदारों को समाचार लिखे जाने तक बंधक बना रखा है। दुल्हन पक्ष ने दूल्हे पक्ष पर दहेज के लिए दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। बताया जाता है कि निकाह की रस्म हो चुकी थी, लेकिन बाद में तलाक करा दी गई। इसी बीच मामले की सूचना पुलिस को दी गई। डायल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से वार्ता की। वहीं कुछ लोगों द्वारा दोनों पक्षों में समझौता कराये जाने के प्रयास किया जा रहे है। 24 घंटे बाद भी समझौता नहीं हुआ है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर उन्हें प्राप्त नहीं हुई है। डायल पुलिस मौके पर गई थी, लेकिन दोनों पक्षों द्वारा आपसी समझौते की बात कह कर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं कराई है।

## बाइक सवार मां-बेटे को ट्रक ने मारी टक्कर, बेटे की मौत

**जसपुर ( चिंगारी )।** बाइक सवार मां बेटे को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने घटना की अभी पुलिस में तहरीर नहीं दी है। जानकारी के मुताबिक यूपी के सीमावर्ती गांव टांडा अफजल थाना ठाकुरद्वारा निवासी कपिल कुमार पुत्र रोहिताश सिंह (30 वर्ष) गुरुवार की दोपहर बाइक से अपनी मां को जसपुर दवाई दिलाने जा रहा था। भूतपुरी रोड स्थित बहादुर पेट्रोल पंप के पास पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने कपिल कुमार की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार मां बेटे सड़क पर गिर गए। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने आनन फानन में कपिल कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां ईएमओ ने कपिल कुमार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक जसपुर स्थित रिलायंस ऑफिस में काम करता था तथा चार भाई बहनों में छोटा था।

## गुलदार ने बाइक सवारों पर किया हमला

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम पालीजट के पास घात लगाकर बैठे गुलदार ने मोटरसाइकिल सवार उनके साथी पर हमला कर दिया। ग्रामीणों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के ब्लॉक महासचिव रिंकू कुमार अपने साथी फैसल शेख के साथ मोटरसाइकिल द्वारा ग्राम पाली जट से किसी निजी कार्य हेतु फरीदपुर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक जंगल के रास्ते से गुजरी, झाड़ियों में छिपे गुलदार ने अचानक उन पर झपट्टा मार दिया।

## रामनवमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

### राम जी का डोला रहा आकर्षण का केन्द्र



**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामनवमी के अवसर पर आज सुबह नीलेश्वर महादेव मंदिर से गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में राम जी का डोला चल रहा था, जिसके आगे भक्तजन कीर्तन करते चल रहे थे। शोभायात्रा का रामलीला कमेटी प्राचीन मंदिर, राम मंदिर, हरिहर मंदिर पत्रकार अशोक गुप्ता व अमित अग्रवाल की ओर से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मुख्य रूप से जुगल कालरा, आलोक अग्रवाल, अतुल रस्तौगी, विजय कालरा, डॉ. वरुण चौधरी, ऋषभ सिंघल, नैतिक शिखर साहनी निखिल आलोक रस्तौगी, रामपाल प्रजापति आदि काफी संख्या में भक्त साथ-साथ चल रहे थे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero
आवश्यकता है
Hero
कुशल मैकेनिक, सुपरवाइजर,
सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल
नेटवर्क मैनेजर, फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## महिलाओं के साथ यौन अपराध-1

आधी दुनिया यानी महिलाओं की सुरक्षा व उनके हितों की रक्षा का मुद्दा कुछ इस तरह है कि मर्ज बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की। कितने कानून हैं, और लगातार बनाये भी जा रहे हैं, तरह-तरह के उपाय किये जा रहे हैं, चर्चा-बहस हो रही है, चिंता और चिंतन चल रहा है, नये-नये नियम बनाये जा रहे हैं, आंदोलन और मिशन चलाये जा रहे हैं, जागरूकता के अभियानों की कमी नहीं है, फिर भी महिलाओं के प्रति यौन अपराध कम नहीं हो रहे। दरअसल, जब तक पुरुष और महिलाओं में समानता का भाव स्थापित नहीं होगा, तब तक महिलाओं का हर तरह का शोषण जारी रहेगा। पुरुष प्रधान मानसिकता असली जड़ है। इसी के चलते समाज में महिलाओं को आज 21वीं सदी में भी वो स्थान और सम्मान नहीं मिला पाया, जिसकी वे जन्मजात अधिकारी हैं। महिलाओं को सभी क्षेत्रों में समानता दिलाने के लिए समाज में व्याप्त महिला विरोधी पूर्वाग्रह समाप्त होने आवश्यक हैं। हमारी कार्य संस्कृति में सुधार होना चाहिये। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक कानून की किताबों में और कानून जोड़ने से कोई सुधार नहीं होगा।

दिल्ली में चलती बस में निर्भया के साथ हुए जघन्य सामूहिक बलात्कार के बाद देशव्यापी गुस्से भरे प्रदर्शनों की प्रतिक्रिया में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस जे.एस. वर्मा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था तथा उसे अपनी रिपोर्ट देने को कहा था। समिति ने इस मामले में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों के साथ ही आम जनता, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिला संगठनों आदि से सुझाव मांगे थे। समिति द्वारा सुझाव आमंत्रित करने का व्यापक स्वागत हुआ और उसे 70,000 सुझाव मिले जिनमें आम जनता और महिला संगठनों के साथ ही देशी-विदेशी सम्मानित विद्वान व सम्मानित विदेशी विश्वविद्यालयों के छात्र भी शामिल थे। समिति ने समाज में महिलाओं की स्थिति व उनके खिलाफ होने वाले अपराधों के कारणों के साथ ही दुनिया के अन्य देशों में महिला-विरोधी अपराधों की दंड व्यवस्था में आने वाले परिवर्तनों का समुचित उल्लेख किया है। निर्भया काण्ड के बाद पाक्सो अधिनियम वजूद में आया था, जो नाबालिगों के साथ यौन अपराधों के अभियुक्तों को सजा दिलाने में काफी कारगर सिद्ध हुआ, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि हर कानून की तरह इसका भी दुरुपयोग हो रहा है। ...जारी

# अमेरिका-इज़राईल, ईरान युद्ध

# क्या दुनिया एक खतरनाक मोड़ पर खड़ी है?



मरगूब रहमानी

**ये युद्ध अगर और आगे बढ़ा तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत सहित पूरी दुनिया इसकी कीमत चुकाएगी। तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं, महंगाई आम आदमी की कमर तोड़ सकती है, और वैश्विक व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। लाखों लोग बेघर होंगे, परिवार टूटेंगे और इंसानियत एक बार फिर सवालों के घेरे में खड़ी होगी।**

पश्चिम एशिया एक बार फिर बारूद के ढेर पर बैठा है। इज़राईल, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता टकराव अब केवल सीमाओं या सैन्य शक्ति का सवाल नहीं रह गया,यह उस मानसिकता का प्रतीक बनता जा रहा है, जिसमें इतिहास, पहचान और आस्था एक खतरनाक मिश्रण तैयार कर रहे हैं।

यह सच है कि इस क्षेत्र की जड़ों में धर्म, इतिहास और पौराणिक मान्यताएं गहराई से जुड़ी हुई हैं। इज़राईल में यहूदी, ईसाई और इस्लाम, तीनों ही धर्मों की पवित्र भूमि है। ऐसे में जब युद्ध के बादल घिरते हैं, तो स्वाभाविक है कि कुछ लोग इसे धार्मिक भविष्यवाणियों और मान्यताओं के चश्मे से देखने लगते हैं। अलग-अलग समुदायों में अंतकाल से जुड़ी धारणाएं मौजूद हैं, जो इस तनाव को और भावनात्मक बना देती हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या 21वीं सदी की दुनिया को इन मान्यताओं के आधार पर युद्ध की आग में झोंक देना चाहिए? क्या आधुनिक राष्ट्र अपनी नीतियां, विज्ञान और कूटनीति मानवता के बजाय आस्था की व्याख्याओं पर तय करेंगे?



ये युद्ध अगर और आगे बढ़ा तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत सहित पूरी दुनिया इसकी कीमत चुकाएगी। तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं, महंगाई आम आदमी की कमर तोड़ सकती है और वैश्विक व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। लाखों लोग बेघर होंगे, परिवार टूटेंगे और इंसानियत एक बार फिर सवालों के घेरे में खड़ी होगी।

भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति और भी संवेदनशील है। एक ओर ऊर्जा की जरूरतें, दूसरी ओर खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा। भारत के लिए हर मोर्चे पर चुनौती खड़ी होगी।

याद रहे कि भारत की विदेश नीति का मूल स्वर हमेशा शांति, संतुलन और संवाद रहा है। भारत कभी युद्ध का पक्षधर नहीं रहा। उसने हर मंच पर यही कहा है कि संघर्ष नहीं, सहयोग ही भविष्य का रास्ता है। भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ दुनिया को विकास, स्थिरता और साझी प्रगति की ओर बढ़ते देखने का पक्षधर है।

आज जरूरत है कि दुनिया भावनाओं और टकराव के रास्ते से हटकर समझदारी और संवाद का रास्ता चुने। इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी स्थायी समाधान नहीं देता। यह केवल विनाश छोड़ जाता है।

अगर समय रहते कूटनीति ने काम नहीं किया, तो यह टकराव एक ऐसे भंवर में बदल सकता है, जिसमें पूरी दुनिया खिंचती चली जाएगी, लेकिन अगर तीनों देशों ने संयम और समझदारी दिखाई, तो अभी भी शांति की उम्मीद बची हुई है।

दुनिया एक चौराहे पर खड़ी है। एक रास्ता विनाश की ओर जाता है, दूसरा सह-अस्तित्व की ओर। अब यह इंसानियत को तय करना है कि वह किस दिशा में आगे बढ़ना चाहती है।

# घमंड किसी भी अच्छे कार्यक्रम को और रिश्तों को बिगाड़ देता है, ये बुराई जल्दी से जल्दी छोड़ दें!

**प्रेरक-प्रसंग**

प्रजापति दक्ष और शिव जी से जुड़ी घटना है। दक्ष देवताओं के बड़े नेता थे। सभी उनका मान-सम्मान करते थे। एक दिन एक यज्ञ में बड़े-बड़े ऋषि-मुनि और देवता शामिल हुए। यज्ञ सभा में सभी बैठे हुए थे। उस समय दक्ष प्रजापति ने यज्ञ सभा में प्रवेश किया। उनका गरिमामय व्यक्तित्व था। दक्ष के सम्मान में सभी लोग अपनी-अपनी जगह पर खड़े हो गए। अपना मान-सम्मान देखकर दक्ष का अहंकार जाग गया। दक्ष ने सभा में ये नहीं देखा कि उसके सम्मान में कौन-कौन खड़ा हुआ है, उसने ये देखा कि कौन खड़ा नहीं हुआ है। उस समय शिव जी बैठे हुए थे और आंखें बंद करके ध्यान लगा रहे थे। शिव जी को बैठा हुआ देखकर दक्ष ने सोचा कि ये मेरे दामाद हैं, मेरे पुत्र की तरह हैं, ये मेरे सम्मान में खड़े नहीं हुए। मैंने ब्रह्मा जी के कहने पर मेरी पुत्री का विवाह इस व्यक्ति से कर दिया, जिसका अमंगल रूप है। इतना सोचने के बाद दक्ष ने गुस्से में शिव जी को भला-बुरा कह दिया। शिव जी तो दक्ष की बातें सुनकर चुप बैठ हुए थे, लेकिन नंदीश्वर ने शिव जी का अपमान होता देखकर दक्ष को शाप दे दिया। नंदीश्वर को गुस्से में देखकर भृगु ऋषि ने नंदी को शाप दे दिया। इसके बाद पूरी यज्ञ सभा में सभी ने एक-दूसरे को शाप दे दिये। शुभ कार्यक्रम पूरी तरह से बिगड़ गया।

# मोबाइल फोन पर लात मारने को लेकर हुए बवाल में 6 लोगों का चालान

नांगल सोती (चिंगारी)। सड़क पर पड़े मोबाइल में लात मारने को लेकर अलग-अलग सम्प्रदाय के लोगों में हुए झगड़े के प्रकरण में पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक के भाई की तहरीर पर 6 नामजद तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जबकि 6 व्यक्तियों का शांति भंग करने के आरोप में चालान किया गया, जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।


पुलिस द्वारा जेल भेजे गये व्यक्ति

ज्ञातव्य है कि नांगल थानांतर्गत ग्राम कामराजपुर निवासी सुमित पुत्र कलीराम तथा शिवम पुत्र राजेश का बाइक पर चलते हुए गांव के रास्ते पर मोबाइल गिर जाने के बाद उसमें लात मारने को लेकर गांव निवासी मौ. नईम से मारपीट हो गई थी। उक्त घटना के बाद कुछ मुस्लिम इकट्ठे होकर सुमित के घर पहुंच गये, जिसे लेकर दोनों पक्षों का अलग-अलग दावा है। विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए रात्रि में दोनों युवक परिजनों के कहने पर पास के ग्राम मोहम्मद अलीपुर द्वारका से होते हुए गोपालपुर जा रहे थे। आरोप है कि मुस्लिम समाज के काफी व्यक्तियों ने उनका पीछा करते हुए उन्हें ग्राम मौ. अलीपुर द्वारका में पुष्पेन्द्र के घर के सामने पकड़ लिया तथा उनके साथ लात-घूंसों एवं लाठी-डंडों से मारपीट की। मारपीट के दौरान सुमित नाली में गिर गया तथा गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों के अनुसार सुमित अभी भी जिला अस्पताल में भर्ती है। उधर दूसरे युवक शिवम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई थी, मगर कल पुनः तबीयत बिगड़ने पर उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सुमित के बड़े भाई अमित की तहरीर पर पुलिस ने मौ. नईम पुत्र अब्दुल खालिक, मौ. आमिर पुत्र नाजिम, मौ. अमजद पुत्र अब्दुल खालिक, साजिद व जावेद पुत्र अब्दुल सलाम, जुनैद पुत्र नाजिम तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि कल नईम, आमिर, अमजद, साजिद, वाजिद तथा अरशद को बीएनएसएस की धारा 170 ( शांति भंग करना ) के अंतर्गत गिरफ्तार करके चालान कर दिया गया था। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# रावली मार्ग पर एक घंटे में दो भीषण हादसे : एक व्यक्ति की मौत, 8 घायल

बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर-रावली मार्ग पर एक ही घंटे के भीतर दो अलग-अलग सड़क हादसों से क्षेत्र में सनसनी फैला गई। दोनों हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हो गये।

गांव ब्रह्मपुरी रावली निवासी कोमल मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। कल शाम करीब 7 बजे वह बाइक से बिजनौर से मजदूरी करके घर लौट रहा था। ग्राम बड़कले के पास उसकी बाइक सामने से जा रहे साइकिल सवार सतीश पुत्र राम सिंह से टकरा गई। दुर्घटना में कोमल के सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, सतीश भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और शवको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे एक छोटा बच्चा और गर्भवती पत्नी छोड़ गया है। उसके परिवार में कोहराम मचा है। इसी मार्ग पर शाम करीब 5 बजे एक अन्य हादसा हुआ। चांदपुर के मोहल्ला पतियापाड़ा निवासी जगदीश अपनी पत्नी किरण के साथ अपनी ससुराल ब्रह्मपुरी आया हुआ था। गुरुवार को वह अपनी सास सीता को स्कूटी से दवाई दिलाने बिजनौर जा रहा था। उसकी पत्नी भी साथ थी। बड़कले के पास ही तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे तीनों व बाइक पर सवार दो लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बाइक सवार युवक नशे में थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

# रामनवमी पर हुआ कन्या पूजन

नांगल सोती (चिंगारी)। आज चैत्रीय नवरात्रि के नौवें दिन 'रामनवमी' पर मां दुर्गाजी के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। जिन परिवारों में कल कन्या पूजन नहीं हुआ था, उनमें आज रामनवमी पर विधि-विधानपूर्वक कन्या पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद लिया तथा माता रानी से परिवार में सुख-समृद्धि के वास की कामना की। इसी के साथ चैत्रीय नवरात्रि का समापन हो गया। नवरात्रि के अन्तिम दिन यानी नवमी तिथि को आदिशक्ति मां दुर्गा जी के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की स्तुति, आराधना, उपासना की जाती है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधानपूर्वक और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधकों को सभी सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। सृष्टि में कुछ भी उसके लिये अगम्य नहीं रह जाता है।



# बार से शराब चोरी करते हुए पकड़ा गया युवक, दो फ़रार

**बिजनौर (चिंगारी)। यहां चांदपुर रोड स्थित एक बार एंड रेस्टोरेंट से अंग्रेजी शराब की पेटी चोरी करते समय एक युवक को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। उसके दो साथी फरार हो गए।**



पुलिस के मुताबिक मोहल्ला खत्रियान निवासी केशव दूबे ने थाना कोतवाली शहर में गुरुवार को तहरीर देकर बताया कि उनके केडी बार एंड रेस्टोरेंट (कोहिनूर बैंक्ट हॉल के निकट) से शुभम पुत्र वीरेंद्र निवासी डुडापुरी, झालू रोड शहर कोतवाली एक पेटी अंग्रेजी शराब 8 पीएम चोरी करते समय मौके पर ही पकड़ लिया गया। घटना के दौरान आरोपी के दो अन्य साथी आनंद निवासी चाहशीरी और मुन्ना निवासी ट्यूबवैल कॉलोनी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। बार स्वामी ने पकड़े गए आरोपी शुभम को चोरी की गई शराब के साथ थाने लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। शहर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। शहर कोतवाल रामप्रताप सिंह का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# पिटाई से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

चांदपुर (चिंगारी)। पिटाई से घायल युवक की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो जाने से मृतक के घर में कोहराम मच गया। क्षेत्र के ग्राम हैजरपुर कस्बा निवासी प्रशांत कुमार (24 वर्ष) पुत्र सियाराम 22 मार्च को ग्राम मिर्जापुर बेला में रहने वाले अपने साढ़ू के यहां जन्मदिन पार्टी में गया था तथा दावत खाकर वहां से वापस लौट रहा था। हरपुर-मिर्जापुर मोड़ पर प्रशांत की स्कूटी से एक युवती की भिड़ंत हो गई थी। स्कूटी सवार युवती के पैर में चोट लग गई थी। युवती ने अपने घर वालों को वहां बुला लिया था। आरोप है कि युवती के घरवाले प्रशांत को अपने साथ ले गए और उसके साथ मारपीट की। बाद में प्रशांत को बेहोशी की हालत में मिर्जापुर में एक डॉक्टर के यहां छोड़कर भाग गए थे। प्रशांत के चाचा राकेश ने इस सम्बन्ध में थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। परिजन गम्भीर रूप से घायल प्रशांत को उपचार के लिए मेरठ ले गए थे, जहां उपचार के दौरान प्रशांत की मौत हो गई।

# मिशन शक्ति : महिला पुलिसकर्मियों ने निकाली बाइक रैली

बिजनौर (चिंगारी)। मिशन शक्ति अभियान 5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकाली। बाइक रैली में महिला उपनिरीक्षकों और सिपाहियों ने भाग लिया।

गुरुवार को पुलिस लाइन से रैली को सीओ अपराध आकांक्षा गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। करीब 60 महिला पुलिसकर्मियों ने रैली में भाग लिया। रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों से होती हुई लगभग पांच किलोमीटर का मार्ग तय कर पुनः पुलिस लाइन परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए पुलिसकर्मी नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। रैली के दौरान महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों से जुड़े संदेश प्रसारित किए गए। साथ ही आमजन, विशेषकर महिलाओं और किशोरियों को हेल्पलाइन नंबर 1090, 181 और 112 के बारे में जानकारी दी गई और किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने महिला पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन किया और कई जगहों पर नागरिकों ने मोबाइल से वीडियो बनाकर इस पहल की सराहना की। सीओ अपराध आकांक्षा गौतम ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। इस तरह के जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित कर रही है।



# द्रोपदी देवी मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा

## झांकियों ने मोहा दर्शकों का मन



शोभायात्रा का शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष।



अखाड़े की सलामी लेते हुए पालिकाध्यक्ष रवि कुमार सिंह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के प्राचीन सिद्धपीठ माता द्रोपदी देवी मंदिर से 92 वें वार्षिकोत्सव के अंतर्गत देर शाम विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसका अनेक स्थानों पर सनातन परिवारों तथा व्यापारियों ने अपने मकानो और प्रतिष्ठानों के बाहर पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान प्रसाद वितरण आदि से स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल अखाड़े में जहां अखाड़ा प्रेमियों ने हैरत अंगेज करतबों से अचंभित कर दिया वहीं अनेक आकर्षक एवं मनोहारी झांकियों ने नगर वासियों का मन मोह लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ माता द्रोपदी देवी मंदिर पर सामूहिक पूजन से हुआ जबकि शोभायात्रा का उद्घाटन पूर्व भाजपा विधायक डॉ इंद्रदेव सिंह, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजू गुप्ता, समाजसेवी डॉ. आदित्य अग्रवाल, भाजपा के धामपुर मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, नरेश कैटर्स आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल भंजन करके तथा रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया। अतिथियों को पटके पहना कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नरेश सैनी कैटर्स तथा डॉ. राज सैनी सहित सैनी समाज के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक भी उपस्थित रहे। शोभायात्रा में शामिल झांकियों में मुख्य रूप से शिव बारात, मरघट वाली महाकाली, कृष्ण एवं राधा रानी गोपियों संग, बजरंगबली हनुमान, गणेश जी, महाराजा शूरसेन, राजा भगीरथ, सम्राट अशोक आदि की झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल कुमार सैनी सब्जी आढ़ती, महामंत्री सनी सैनी, कोषाध्यक्ष रूप सिंह सैनी, सुरेंद्र सिंह सैनी, नितिन कुमार सैनी, ललित सैनी, मुन्नालाल कैटर्स, हरिश्चंद्र कैटर्स, दिनेश चौहान पूर्व सभासद सुरेंद्र सैनी द्वारा जन सहयोग से निकाली गई इस शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था शोभायात्रा में एक सुसज्जित पालकी में माता रानी की प्रतिमा शोभायमान रही। उनके साथ मंदिर के पुजारी प्रसाद वितरित करते हुए चल रहे थे। निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद देर रात्रि यह शोभायात्रा प्राचीन सिद्ध पीठ माता द्रोपती देवी मंदिर पर ही पहुंच कर संपन्न हुई।

# एक महीने बाद इज़राइल से वापस आये सौमिल अग्रवाल

## इजरायल-ईरान युद्ध में फंसे हुए थे तेलअबीब में



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर के मोहल्ला बक्कालन निवासी नगर के जाने-माने मिठाई विक्रेता एवं खैराती स्वीट्स के स्वामी राजीव अग्रवाल के 28 वर्षीय पुत्र सौमिल अग्रवाल 24 फरवरी को इजराइल के तेलअबीब में एक कंपनी के जरिए विज्ञापन शूट करने के लिए गए थे। सौमिल अग्रवाल यू-ट्यूबर है और वह देश-विदेश में विभिन्न मौकों पर शूट करने के लिए जाते रहते हैं ।

वह 24 फरवरी को इजराइल गए थे जहां चार-पांच दिन उनको तेलअबीब में रहना था। परंतु 28 फरवरी को अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू हो गया। जिस कारण सौमिल अग्रवाल वहीं फस गए। कल सायं पूरे 1 महीने के बाद वह वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां उनके पिता राजीव अग्रवाल और मां पारुल अग्रवाल ने उनको गले लगा लिया।

उनके पिता राजीव अग्रवाल ने बताया कि वह तेलअबीब के एक होटल में अपने साथियों के साथ रहते थे। युद्ध के दौरान जब सायरन बजता था तब वह सभी बंकर में चले जाते थे। इस दौरान उनकी अपने बेटे से वीडियो कॉल के द्वारा बातचीत होती रहती थी। राजीव अग्रवाल ने बताया कि सौमिल अग्रवाल को ट्रांजिट वीजा नहीं मिल पा रहा था, इस कारण वह भारत नहीं आ पा रहे थे। अब भारतीय दूतावास के प्रयास से सौमिल को 25 मार्च को जॉर्डन बॉर्डर पर पहुंचाया गया जहां से एक ट्रैवल एजेंसी ने बस से ओमान एयरपोर्ट पर छोड़ा, वहां उनकी पहले से ही फ्लाइट बुक थी इसलिए वह ओमान से फ्लाइट से कल मुंबई पहुंचे और वहां से फ्लाइट पकड़कर सायं को दिल्ली पहुंच गए। उन्होंने बताया कि अभी सोमिल अपनी नानी के पास दिल्ली में ही है जहां से आज शाम को वह वापस धामपुर आएंगे।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर
मनोज कात्यायन 9927500708
जुल्फिकार मंसूरी 9568154643



# राधा इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम घोषित

**धामपुर ( चिंगारी )।** अल्हैपुर स्थित राधा इण्टर कॉलेज अल्हैपुर धामपुर में नर्सरी से कक्षा 9 तक एवं 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा घोषित किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में विद्यालय के प्रबंधक रवि कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्पण किया गया। नर्सरी कक्षा से 5 कक्षा एक से सभी छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुये छात्रों एवं उनके अभिभावकों को आवश्यक जानकारी दी। अंत में विद्यालय में आये हुये सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय में ईशांक भारद्वाज, गिताली चौहान, पूनम कश्यप, मौ. ईशान, अंशिका चौहान, वंशिका अपनी कक्षा में प्रथम स्थान पर रहे।

# धामपुर पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर पब्लिक स्कूल का सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ गणेश जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न वर्गों के रैंक होल्डर विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। प्ले ग्रुप से युविन, इंशा अली एवं ईशान मित्तल, नर्सरी 'ए' से कृतांशु राजपूत, आदित्य एवं मोहम्मद इजान, नर्सरी 'बी' से परवानी मिश्रा, मायरा एवं जोया परवीन, एल.के.जी. 'ए' से मोहम्मद अदनान, बिलाल एवं दिक्षांत कुमार, एल.के.जी. 'बी' से जुनैद, माही एवं अमायरा, यू.के.जी. 'ए' से नेहशु, केशव एवं राघव धीमान तथा यू.के.जी. 'बी' से अर्पिता सैनी, रिया एवं उमामा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में उच्च उपस्थिति प्राप्त

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं हुये सम्मानित

करने वाले विद्यार्थियों- शिवा भारद्वाज, मोहम्मद इज़ान, कृति, आरव सैनी, जुनैरा, अन्नय भारद्वाज एवं योगिता सैनी के साथ ही ऑल राउंडर विद्यार्थियों- इंशा अली, अरमान मलिक, खुशहाली, युरुष, दिसि, उजैर एवं आलिया को भी सम्मानित किया गया। बैग एक्टिविटी में युग सैनी, हार्दिक उजालन, आकृति त्यागी, अरजन, माहम, कनिष एवं उमामा ने प्रथम, युविन, सुफियान, इशानी, दिव्यांश कुमार, नशरा सिद्दीकी, मोहम्मद हसन एवं ख्वाहिश ने द्वितीय तथा लव्यान्श, मोहम्मद आरिज, गरिमा राजपूत, कनव कुमार, उरूज फातिमा, विवान एवं आयरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता व श्रीमती ऐश्वर्या चौधरी ने कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम होती है। हर छात्र में कुछ विशेष होता है, आवश्यकता है उसे पहचानने और निखारने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंकज, पुलकित, मोहित, कंचन, इशा, रविता, जैनब, वंदना, खनक, अमित, नसरीन, सुरभि, रीना, अनीता, प्रियंका, आंचल, प्रिया, प्रतिभा, तरन्नुम, फरिया आदिल ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# टंकी बन गई, मगर पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की

## ग्रामीणों में रोष




**बरूकी/बिजनौर (चिंगारी)।** विकासखंड मोहम्मदपुर देवमल की ग्राम पंचायत बरूकी में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित नई पानी की टंकी और बोरिंग पूरा होने के कई माह बाद भी ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इससे गांव के लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025 में पुरानी टंकी खराब होने के चलते नई ओवरहेड टैंक और बोरिंग का निर्माण कराया गया था। करीब 10 हजार से ऊपर की आबादी वाले इस गांव को इस योजना से पेयजल उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद अब तक आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण टंकी चालू नहीं की जा रही है। पूर्व ग्राम प्रधान चौधरी पोखर सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, रामपाल सिंह, करतार सिंह, पूर्व प्रधान पति अब्दुल मजीद, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजपाल सिंह कश्यप, मोहम्मद फैयाज, वर्तमान ग्राम प्रधान पति सोनू पाल, ग्राम प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष सचिन मलिक, क्षेत्र पंचायत संगठन जिला अध्यक्ष विकुल मलिक तथा भारतीय किसान यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश कुमार आदि ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जल निगम के अभियंता जान-बूझकर टंकी को चालू नहीं कर रहे हैं, जिससे गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर शीघ्र ही नई पानी की टंकी से जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

# जल जीवन मिशन में लापरवाही बरतने पर एई सस्पेंड

**बिजनौर (चिंगारी)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं में देरी और लापरवाही के आरोप में विभाग ने बिजनौर में तैनात एई को निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद विभागीय हलकों में हड़कंप मच गया है।**

जानकारी के अनुसार एई अकबर हसन पिछले करीब तीन वर्षों से बिजनौर जिले में तैनात थे और जल जीवन मिशन के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं की निगरानी की जिम्मेदारी उन्हीं के पास थी। एई अकबर हसन के पास जलीलपुर, हल्दौर, कोतवाली देहात व अफजलगढ़ ब्लाक की करीब 300 परियोजना की जिम्मेदारी थी। इस दौरान परियोजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं रहने के आरोप में विभागीय एमडी ने निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जिले के अनेक गांवों में पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा है, तो कई स्थानों पर ओवरहेड टैंक बनकर तैयार होने के बावजूद जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना की घोषणा के समय घर-घर नल से पानी पहुंचाने के दावे किए गए थे, लेकिन वर्षों बाद भी उन्हें पुराने स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में एई अकबर हसन के पास जलीलपुर, हल्दौर, कोतवाली देहात व अफजलगढ़ ब्लाक की करीब 300 परियोजना की जिम्मेदारी थी। सूत्रों के मुताबिक ब्लाकों की काफी परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं। लेकिन बजट न होने के कारण अधर में हैं।

# कालिका मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

## कन्या पूजन का आयोजन किया, मेला लगा



**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर के प्रसिद्ध काली माता मंदिर में आज दुर्गा अष्टमी के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह 5:00 बजे से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने मां काली के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में कन्या पूजन का भी विशेष आयोजन किया गया, जहां छोटी बच्चियों को मां का रूप मानकर पूजा की गई और प्रसाद वितरण हुआ। मंदिर परिसर में भव्य मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें खिलौने, चाट-पकौड़े, झूले आदि की व्यवस्था रही। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। भीड़ को देखते हुए पुलिस टीम तैनात रही। ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए मंदिर के आसपास पुलिस तैनात रही। मंदिर प्रबंधन के अनुसार नवरात्रि के अष्टमी और नवमी पर हर साल भक्तों की सबसे ज्यादा उपस्थिति रहती है, जिससे यह स्थल एक बड़े धार्मिक केंद्र के रूप में उभरकर आता है। भक्तों में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा और सभी ने मां से परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी अतुल अग्रवाल (अध्यक्ष), सुशील जिंदल (उपाध्यक्ष), देवेंद्र अग्रवाल, अनिल बिश्नोई (महामंत्री),वीरेंद्र वर्मा (मंत्री), विपिन शर्मा, प्रवीण अग्रवाल, भंडारी अरविंद गुप्ता, प्रकाश वीर रस्तोगी (भवन मंत्री), अखिलकांत वर्मा, अनिल कुमार (एडवोकेट), संदीप सिंघल, विजय अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) और पुलिस का पूर्ण सहयोग रहा।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से पालेज को भारी नुकसान


गंगा का पानी घुसने से प्रभावित पालेज

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पिछले कुछ दिनों से गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण पालेजियों को भारी नुकसान हुआ है। गंगा का पानी पालेज की फसल में लगातार घुस रहा है, जिससे पालेज बर्बाद हो रही है।

गंगा के किनारे बड़ी संख्या में लोग पालेज की खेती करते हैं। पालेज में खीरा, ककड़ी, लौकी, टमाटर, करेला, काशीफल, खरबूजा, तरबूज आदि का उत्पादन होता है। कई पालेजिये ब्याज पर पैसे लेकर पालेज की खेती करते हैं। फसल तैयार हो चुकी है तथा खीरा, लौकी आदि का उत्पादन भी होने लगा है। मगर पिछले कई दिनों से गंगा का जलस्तर अचानक बढ़ गया है। इससे पालेज की फसल में गंगा का पानी घुस रहा है। हर रोज पालेज में गंगा का पानी घुस जाता है। इससे पालेजिये बेहद परेशान हैं। उल्लेखनीय है कि पानी घुसने से पालेज की फसल अधिकांशत: खराब हो जाती है। गंगा के बढ़े जलस्तर ने पालेजिये की रातों की नींद उड़ाकर रख दी है। पालेजियों शिवकुमार, लाखन, बाबू, मुन्नू, सोनू, अय्यूब, यूसुफ, मनोज आदि का कहना है कि गंगा के बढ़े जलस्तर से पालेजियों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कर्ज पर पैसे लेकर पालेज करने वाले व्यक्ति सबसे ज्यादा परेशान हैं।

# गर्मी आते ही बढ़ने लगे मच्छर

## बीमारियों के फैलने का डर



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** वर्तमान में चल रहे ग्रीष्मकाल में हर रोज बढ़ती जा रही गर्मी के बीच मच्छरों की फौज भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसा लग रहा है कि समय रहते इनसे बचाव के उपाय नहीं अपनाए गए तो आने वाले दिनों में मच्छरों से जीना मुहाल हो जाने के आसार हैं। ग्राम पंचायतों द्वारा सड़कों, नालियों आदि की साफ सफाई एवं नालियों के पानी की बेहतर निकासी का समय रहते इंतजाम बेहद जरूरी है, ताकि मच्छरों को पनपने का स्थान न मिल सके। इतना ही नहीं, गली-मोहल्लों में एंटी लार्वा छिड़काव अगर समय से हो जाए तो मक्खी-मच्छरों से निजात पाने में आसानी हो सकती है वरना मच्छरों की बढ़ोतरी का यही हाल रहा तो बीमारियों के फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में चिकित्सकों का कहना है कि घर-मकानों के आसपास पानी एकत्र न होने दें और सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, साथ ही पूरी बाजू के कपड़े पहनें। दूसरी ओर अफजलगढ़ ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ललित प्रताप सिंह ने बताया कि पंचायतों में सफाई के कार्य चलते रहते हैं और शीघ्र ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा।

# सम्राट अशोक की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई



**बिजनौर (चिंगारी)। अखंड भारत के निर्माता चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती पर उन्हें श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता के साथ उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया।**

समीप के ग्राम द्वारकापुरी में आयोजित सम्राट अशोक महान जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि सम्राट अशोक एक महान शासक ही नहीं, बल्कि शांति, धर्म, करुणा और सुशासन के प्रतीक रहे हैं। उनके आदर्श आज भी समाज को एकता विकास और मानवता की राह दिखाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एकता संघ के प्रदेश प्रभारी अनिल सैनी ने सम्राट अशोक महान को याद करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों को हर वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आवाहन किया कि वह अपने-अपने घरों में समाज के महापुरुषों का चित्र लगाएं और उनकी जयंती, पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करें। डॉ. सोमपाल सैनी की अध्यक्षता तथा देवेंद्र सैनी के संचालन में आयोजित जयंती कार्यक्रम को मांगेराम सैनी, सतपाल सैनी एडवोकेट, वीर सिंह सैनी, ओमवती सैनी, राजवीर सिंह, हरपाल सैनी, वीरेश सिंह, केहर सिंह सैनी ने संबोधित किया।

# शिक्षा ही है देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार- मौसम

## 'हिंदुस्तान ओलम्पियाड 2025' के मंच से की बिजनौर के पांच प्राथमिक विद्यालयों को गोद लेने की घोषणा




बिजनौर (चिंगारी)। वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने शिक्षा को उज्जवल भविष्य का आधार बताते हुए समाज के सम्पन्न और जागरुक लोगों का आह्वान किया कि वे अपनी सामर्थ्य के अनुसार बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठायें।

उन्होंने यह विचार मेरठ में हिंदुस्तान ओलम्पियाड 2025 के मंच से व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के 5 प्राथमिक विद्यालयों को गोद लेने का ऐलान किया। उन्होंने घोषणा की कि वे इन विद्यालयों के कायाकल्प और छात्रों की सुविधाओं के लिये 25-25 लाख रुपये की धनराशि प्रदान करेंगे।

ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने अपने संबोधन में शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह दीया है, जो हमारी समूची परेशानियों को दूर कर सकता है। आज शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का जिस तरह से निजीकरण हो रहा है, वह समाज के लिए चुनौती है। हमें सरकारी स्कूलों को इतना मजबूत बनाना होगा कि किसी को भी शिक्षा के लिए हाथ न फैलाना पड़े। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को शिक्षा के माध्यम से ही संभव बताया।

### 'मौसम' की पहल को मिला भारी समर्थन

**ऐश्वर्य मौसम चौधरी की इस पहल का वहां उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस कदम से बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा के स्तर में क्रांतिकारी सुधार आएगा।**

## इन विद्यालयों के कायाकल्प और छात्र सुविधाओं के लिए 25-25 लाख रुपये देंगे मौसम

### 'पढ़ेगा बिजनौर-बढ़ेगा बिजनौर'

'पढ़ेगा बिजनौर-बढ़ेगा बिजनौर' का नारा देने वाले नर सेवा नारायण सेवा मिशन के संयोजक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी एडवोकेट प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूलों की प्रतिभा तराशने में अहम योगदान दे रहे हैं। सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे प्रतिभाशाली होते हुए भी आर्थिक व अन्य कारणों से ऐसी परीक्षाओं में कम ही भाग ले पाते हैं। सरकारी स्कूलों के बच्चे भी अपनी प्रतिभा को निखार सकें और स्वमूल्यांकन कर भविष्य की रूप रेखा तैयार कर सकें, इसके लिए 'हिन्दुस्तान ओलम्पियाड' की वृहद स्तर पर गत 20 जनवरी को हुई प्रतियोगी परीक्षा में बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूलों के करीब तीन हजार विद्यार्थियों को भी नर सेवा-नारायण सेवा के तहत प्रतिभाग कराया था।



### 'नर सेवा-नारायण सेवा' अभियान के तहत कई उल्लेखनीय कार्य किये

**नर सेवा-नारायण सेवा के तहत मौसम चौधरी आंखों के सैकड़ों लोगों के निःशुल्क ऑपरेशन करा चुके हैं। पशुओं में लम्पी रोग फैलने के दौरान उन्होंने प्रदेश का पहला विशाल चिकित्सा शिविर लगाया था। बच्चों की शिक्षा और खेलकूद को प्रोत्साहन देने को अभियान की तरह चलाकर विभिन्न कार्यक्रमों तथा कैंसर तक का सबब बन रहे कड़ा वजीदपुर के तालाब के जीर्णोद्धार जैसे व्यापक जनहित में कार्यों से सुर्खियों बटोर चुके हैं।**

# स्वैच्छिक सहयोग को तैयार, बाध्यता नहीं स्वीकार

## रेडक्रॉस सोसायटी को आर्थिक सहयोग के संबंध में जारी निर्देशों पर आईएमए की बैठक





बिजनौर (एजेंसी/चिंगारी)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.), बिजनौर शाखा की एक सामान्य सभा बृहस्पतिवार को आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय प्रशासन द्वारा निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम, पैथोलॉजी लैब, ब्लड बैंक आदि को रेड क्रॉस सोसायटी की सदस्यता लेने एवं आर्थिक योगदान करने के संबंध में जारी निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभा में उपस्थित सभी वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने इस विषय पर गंभीर विचार-विमर्श के पश्चात यह स्पष्ट रूप से व्यक्त किया कि किसी भी संस्था की सदस्यता या आर्थिक सहयोग को अनिवार्य बनाना अनुचित एवं अस्वीकार्य है। ऐसा कोई भी आदेश अन्य जिलों के आई. एम. ए. के संज्ञान में भी नहीं है ।

### बैठक में मत व्यक्त किया गया- सदस्यता की स्वैच्छिकता

रेड क्रॉस सोसायटी सहित किसी भी संस्था की सदस्यता पूर्णतः स्वैच्छिक है, इसे किसी भी प्रकार से अनिवार्य नहीं किया जा सकता।

### अनिवार्य आर्थिक योगदान का विरोध

निजी चिकित्सालयों से बिना किसी वैधानिक प्रावधान के आर्थिक योगदान को अनिवार्य करना विधिसम्मत नहीं है एवं यह संवैधानिक सिद्धांतों के विपरीत है।

### व्यावसायिक स्वतंत्रता

चिकित्सा व्यवसाय से जुड़े सभी संस्थानों एवं चिकित्सकों को विधि के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से कार्य करने का अधिकार है। गैर-वैधानिक मामलों में किसी प्रकार का दबाव या बाध्यता स्वीकार्य नहीं है।

### राज्य स्तरीय संवाद

इस विषय में आई.एम.ए. उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों एवं अन्य जनपदों की शाखाओं से भी संवाद किया गया है, जहाँ से भी इस प्रकार की अनिवार्यता पर आपत्ति व्यक्त की गई है।

### सामूहिक निर्णय-

सामान्य सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि इस प्रकार के दबावपूर्ण निर्देश जारी रहते हैं, तो आई.एम.ए., बिजनौर अपने सदस्यों के अधिकारों एवं सम्मान की रक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाएगी, जिसमें विधिक कार्यवाही भी शामिल हो सकती है।

आई.एम.ए., बिजनौर सदैव जनसेवा एवं मानवीय कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रही है तथा रेड क्रॉस सोसायटी जैसे संगठनों को स्वैच्छिक सहयोग देती रही है, किन्तु यह सहयोग स्वैच्छिक ही रहना चाहिए, इसे किसी भी प्रकार से बाध्यकारी नहीं बनाया जा सकता।
आई.एम.ए., बिजनौर प्रशासन से अपेक्षा करती है कि वह इस विषय पर पुनर्विचार करे एवं सभी संबंधित पक्षों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करे।

# स्मार्ट मीटर रिचार्ज करने के घंटों बाद भी बिजली चालू न होने से उपभोक्ता परेशान

## गलत बिल भी ठीक न होने से दिक्कत बढ़ी

नजीबाबाद (चिंगारी)। विद्युत विभाग द्वारा बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के पुराने इलैक्ट्रोनिक मीटर उतारकर नये स्मार्ट मीटर तो लगा दिये गये है, इनसे बिजली भी चालू हो गई है। मगर कुछ दिनों से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के सामने इन मीटरों को प्रीपेड करने के बाद बिल ना आने, कितने यूनिट बिजली खर्च हुई पता ना चलने, बिल आने से पूर्व ही जिन उपभोक्ताओं का एक माह का एडवांस पेमेंट जमा नहीं है, उनकी बिजली अचानक कटने के बाद बिल जमा करने के बावजूद कई घंटे नहीं बल्कि 10-15 घंटे तक बिजली नहीं जुड पा रही है। ऐसे बिजली उपभोक्ता का कहना है कि जब रिचार्ज करने पर तुरंत मोबाइल चालू हो जाता है तो रिचार्ज करने के बाद तुरंत स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की बिजली क्यो नहीं चालू होती? इस कार्य में 24 घंटे का समय क्यो लग रह है? बिल जमा करने के बावजूद बिजली चालू कराने के लिए उपभोक्ता को बिजली विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे है। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उधर काफी पुराने पोस्टपेड बिजली उपभोक्ताओं के एक मार्च को ही गलत बिना रीडिंग लिये ऑन लाइन हर तरह की मोबाइल पर मैसेज कर भेज भेज दिये गये है। मीटर रीडर हर माह पांच से सात तारीख को रीडिंग लेकर जाता था इसके बाद



पोस्टपेड उपभोक्ताओं के बिल आते थे, मगर इस माह काफी उपभोक्ताओं के गलत रीडिंग के बिजली के बिल रीडिंग जाने से पूर्व ही भेज दिये गये है। ऐसे उपभोक्ताओं को अब अपने बिजली के बिल ठीक कराने के लिए बिजली विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे है। इसके बावजूद मार्च माह चलने व सारा सिस्टम ऑन लाइन होने के कारण उनके बिल ठीक नहीं हो पा रहे है। जिससे बिजली उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली उपभोक्ताओं सलीम अहमद, राशिद, जाकिर, सुनील, राजीव, सूरज आदि ने स्मार्ट मीटर से बिजली कटने व जुड़ने में देरी होने तथा गलत बिलों की समस्या का समाधान करने की मांग की है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ शहरी गवेंद्र सिंह ने बताया कि सारा सिस्टम ऑन लाइन होने तथा बिजली विभाग के पोर्टल पर लोड चलने के कारण इस तरह की समस्याएं सामने आ रही है, जल्दी ही बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान हो जाएगा। इसके लिए विभाग पूरी तरह से प्रयास में जुटा हुआ है।

## कड़वे बोल व व्यर्थ संकल्पों का उपवास करना ही सच्चा व्रतः राशि बहन

नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की रमेशनगर शाखा में चैत्र नवरात्रि मनाई गई, जिसमें ब्रह्माकुमारी शालू बहन ने कहा कि हम राजयोग के अभ्यास द्वारा परमात्मा से जुड़ते हैं तो हमारे भीतर इन शक्तियों का जागरण होता है, जो काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसे महिषासुर का अंत करती हैं। राशि बहन ने कहा कि भोजन का त्याग करने के साथ कड़वे बोल व व्यर्थ संकल्पों का उपवास करना ही सच्चा व्रत है। रात्रि जागरण का अर्थ अज्ञान की नींद से जाग कर अपने आत्मिक स्वरूप को पहचानना व विकारों के प्रति सदैव सजग रहना है। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में संदेश दिया कि वर्तमान समय में नारी को अपने जगदम्बा व दुर्गा स्वरूप को पहचान कर समाज में शांति व पवित्रता की स्थापना के लिए आगे आना होगा। जब हर घर की नारी शक्ति स्वरूपा बनेगी तभी सच्चा स्वर्ण युग आएगा। नवरात्रों के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारी योगेश बहन ने गीत व कविता सुनाई। प्रोग्राम में आने वाले भाई बहन रीता बहन, सुमन वर्मा, उमेश भाई, अरुण भाई, सुदेश बहन आदि उपस्थित रहे।



## चोरी के मोबाइल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। वादी विपिन राज चौहान पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी चंद्राबुक डिपो ने थाने में दी तहरीर में कहा था कि अज्ञात चोर द्वारा उनका सैमसंग मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। सीसीटीवी कैमरों व अन्य साक्ष्यों के आधार पर उक्त मामले में अभियुक्त शेर अली पुत्र शौकत निवासी मोहल्ला बांसफोड़ान का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त शेर अली को चोरी के मोबाइल के साथ



चोरी के मोबाइल सहित पकड़ा गया आरोपी।



मौहल्ला टकसाल में कनया पूजन करता एक परिवार

## दुर्गा अष्टमी पर कन्याओं को जिमाकर उपहार दिये

नजीबाबाद (चिंगारी)। दुर्गा अष्टमी के मौके पर नगर में काफी संख्या में हिंदू परिवारों में कन्या पूजन किया गया। चैत्र नवरात्रो के आठवें दिन दुर्गा अष्टमी के मौके पर दुर्गा चालीसा का पाठ कर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने दुर्गा अष्टमी के मौके पर कन्याओं को आदर सत्कार के साथ अपने घरों पर बुलाकर हलवा, पूरी, नारियल के प्रसाद का भोग लगाकर उनको भोजन कराया। कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनसे आशीर्वाद लिया गया। कन्याओं को भोजन कराने के साथ उपहार भी दिये गये।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी ने किया शुभारंभ

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्रिकेट क्लब की ओर से मंडावली में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद बिजनौर क्षेत्र की कई क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया। गुरुवार को आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ मंडावली के ग्राम प्रधान प्रत्याशी मुजाहिद अली मकरानी ने किया। कमेटी के प्रिंस चौहान, अफजल, मकसूद आदि की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर मुजाहिद अली मकरानी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी आज राज्य व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे है। क्रिकेट मैच आज के समय में खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल को ईमानदारी के साथ खेले। गुरुवार को मंडावली व भनेड़ा के बीच मैच खेला गया, जो बड़ा ही रोमांचक रहा। मैदान में मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों का तालियां बजाकर हौसला बढ़ाया। मंडावली की टीम ने भनेड़ा को 60 रनों से पराजित किया। इस मौके पर जैनुल मकरानी, डॉ. मनुज चौधरी, मुस्तकीम अहमद, मोहम्मद अनीस, मोहम्मद हनीफ, तौसीब, हसनैन मकरानी, अल्तमस अंसारी, मौलाना अहसान, फुरकान आदि मौजूद रहे।






# कटहल में छिपा है सेहत का भंडार

कटहल या जैकफ्रूट का नाम तो आपने सुना ही होगा। यह एक फल है, जो उत्तर भारत में पाया जाता है। यह एक बड़ा और मीठा फल होता है। इसको खाने के कई तरीकें होते हैं, जैसे कि सब्जी बनाकर, पकोड़े के रूप में और मिठाई में भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। कटहल अपने स्वाद के साथ ही कई पोषक तत्वों का भंडार भी होता है। इसमें प्रमुख रूप से विटामिन सी, विटामिन बी6, फाइबर, पोटैशियम और फोलेट पाया जाता है। इसके साथ ही यह कार्बोहाइड्रेट और कैल्शियम का भी अच्छा सोर्स माना जाता है। ये सभी पोषक तत्व सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। कटहल न केवल अपने पोषक तत्वों के भंडार के रूप में जाना जाता है, बल्कि ये हमें कई बीमारियों में भी फायदा पहुंचाता है। कटहल खाने के फायदे को देखें तो इसके सेवन से हम अपने हृदय को स्वस्थ्य रख सकते हैं। उसके अलावा यह हमारे पाचन को मजबूत करके एनीमिया जैसी बीमारी में भी हमारी मदद करता है।

## कटहल में पाए जाने वाले पोषक तत्वों का अनुपात

कटहल में पोषक तत्व अलग-अलग अनुपात में पाए जाते हैं। इसका विवरण तालिका में दिया गया है-

| पोषक तत्व | पाया जाने वाला अनुपात (प्रति 100 ग्राम मात्रा में) |
|---|---|
| कैलोरी | 98 कैलोरी |
| कार्बोहाइड्रेट | 23.4 ग्राम |
| फाइबर | 1.5 ग्राम |
| प्रोटीन | 1.72 ग्राम |
| फैट | 1.4 ग्राम |
| कैल्शियम | 24 मिलीग्राम |
| आयरन | 0.23 मिलीग्राम |
| मैग्नीशियम | 31 मिलिग्राम |
| फॉस्फोरस | 21 मिलीग्राम |
| जिंक | 0.13 मिलीग्राम |
| कॉपर | 0.07 मिलीग्राम |
| ग्लूकोज | 9.46 ग्राम |
| सुक्रोज | 0.42 ग्राम |
| फ्रक्टोज | 9.19 ग्राम |
| विटामिन सी | 13.8 मिलीग्राम |
| पोटैशियम | 448 मिलिग्राम |
| सोडियम | 2 मिलीग्राम |
| नियासिन | 0.82 मिलीग्राम |
| विटामिन बी6 | 0.32 मिलीग्राम |
| राइबोफ्लेविन | 0.055 मिलीग्राम |



## कटहल खाने के फायदे

*कटहल में बहुत सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी पोषक तत्व मिलकर हमें एक अच्छी हेल्थ देते हैं। कटहल खाने के फायदे कई सारे हैं, जिनका वर्णन आगे किया जा रहा है।*

**1 हृदय को रखे स्वस्थ्य :-** कटहल खाने के फायदे की बात करें तो इसके सेवन से आपकी हृदय संबंधी समस्या का समाधान होता है। कटहल पोटैशियम, फाइबर, और विटामिन सी का अच्छा स्रोत माना जाता है। ये सभी तत्व हृदय के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम हृदय के लिए महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है, जबकि फाइबर कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। विटामिन सी की उपस्थिति से हमें एंटीऑक्सीडेंट प्राप्त होते हैं, जो दिल के लिए अच्छा होता है। इसीलिए यदि आप अपने हृदय को जवान रखना चाहते हैं, तो आपको कटहल का सेवन करना चाहिए।

**2 थायराइड को कम करे:-** यदि आप थायराइड जैसी बीमारी से गुजर रहे हैं तो आपको कटहल का सेवन करना चाहिए। कटहल में मौजूद पोषक तत्व आपकी इस समस्या का समाधान करेंगे। कटहल में पाया जाने वाला कॉपर थायराइड को कंट्रोल करने में हमारी मदद करता है।

**3 डायबिटीज़ में फायदेमंद:-** कटहल आपकी हाई ब्लड शुगर की समस्या का भी समाधान करता है। कटहल में फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। फाइबर हमारे खाने का पाचन सही करता है और ब्लड शुगर को संतुलित रखने में मदद करता है। इसके अलावा, कटहल में पोटैशियम की मात्रा भी होती है, जो कि डायबिटीज के लिए फायदेमंद होती है। इसके अलावा कटहल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स (60-65) भी कम होता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ग्लाइसेमिक इंडेक्स यह दर्शाता है कि कौन सा खाद्य पदार्थ आपके शुगर लेवल को कितनी तेजी से प्रभावित करता है। इसीलिए कटहल का सेवन करके आप डायबिटीज के खतरे को कम कर सकते हैं।



**4 पाचन में फायदेमंद:-** हमारी खराब लाइफस्टाइल का सबसे बुरा असर हमारे खाने पर ही पड़ता है। इसकी वजह से हमें मोटापे और पाचन से जुड़ी समस्या का सामना करना पड़ता है। यदि आप अपने पाचन से जुड़ी दिक्कतों को कम करना चाहते हैं तो आपको रिच फाइबर सोर्सेज खाने पड़ते हैं। कटहल भी फाइबर का एक सोर्स माना जाता है। इसमें पाया जाने वाला फाइबर हमारे डाइजेशन को स्ट्रॉन्ग करता और हमारी पाचन से जुड़ी समस्याओं का हल करता है।

**5 एनीमिया की समस्या को करे दूर:-** बढ़ती उम्र के साथ ही एनीमिया का खतरा बढ़ता जाता है। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं में भी एनीमिया की बीमारी देखने को मिलती है। एनीमिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर में हीमोग्लोबिन या रेड ब्लड सेल्स की कमी होती है। हमारे शरीर में यह कमी कई कारणों से हो सकती है, जैसे कि आयरन, फोलेट या विटामिन बी 12 में कमी आ जाने पर यह देखने को मिलती है। कटहल आयरन का एक अच्छा स्रोत होता है, जो एनीमिया के खतरे को कम करता है। इसके अलावा, कटहल में फोलेट भी होता है, जो कि एनीमिया के इलाज में महत्वपूर्ण होता है।

**6 वजन घटाने में सहायक:-** अनहेल्थी फूड हैबिट्स और बैलेंस डाइट न लेने के कारण हमें मोटापे की समस्या का सामना करना पड़ता है। मोटापे की ही वजह से आपका मेटाबॉलिज्म भी बिगड़ जाता है। घबराइए मत कटहल के सेवन से आप अपनी बढ़ते वजन की समस्या को भी खत्म कर सकते हैं। कटहल के सेवन से आपका बिगड़ा हुआ मेटाबॉलिज्म कंट्रोल होता है। इसके साथ इसमें फाइबर भी पाया जाता है, जो हमारे पाचन को भी मजबूत बनाता है।



## कटहल खाने के तरीके

⏭ कटहल की सब्जी बहुत ही स्वादिष्ट सब्जी मानी जाती है। इसीलिए यदि आप इसका आनंद लेना चाहते हैं तो आप इसकी सब्जी बनाकर इसका लाभ ले सकते हैं।

⏭ कटहल को छोटे टुकड़ों में काटकर उसे नमक, मसाले, और नींबू के साथ मिलाकर कच्चे रूप में भी खाया जा सकता है।

⏭ कटहल को आप दही और मसालों के साथ पकाकर उसे करी के रूप में बनाकर भी खा सकते हैं।

⏭ कटहल के पकौड़े भी आपको बहुत पसंद आयेंगे। इसलिए आप इनको बनाकर इसका आनंद ले सकते हैं।



# विनियमन समीक्षा समिति 9 अप्रैल को पहुंचेगी बिजनौर

## अमानगढ़ टाइगर रिजर्व का करेगी भ्रमण

**बिजनौर (चिंगारी)।** डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी हर्ष चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति का मेरठ, सहारनपुर व मुरादाबाद मंडलों का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि सभापति अश्विनी त्यागी के सभापतित्व में समिति 5 अप्रैल से अपना भ्रमण प्रारंभ करेगी। इसी क्रम में समिति आगामी 9 अप्रैल को बिजनौर पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम के साथ जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। इसके उपरांत समिति द्वारा अमानगढ़ टाइगर रिजर्व का भ्रमण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत समिति अगले दिन 10 अप्रैल को अपराह्न एक बजे जिला अमरोहा के लिए प्रस्थान करेगी।

# को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ नवारम्भ उत्सव




**बिजनौर (चिंगारी)।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय मोहम्मद अलीपुर द्वारका में को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र पर नवारम्भ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान पतराम, प्रभारी प्रधानाध्यापक/नोडल दीपक महेंद्रा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिखा चौधरी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया। 3 से 6 वर्ष के नन्हे-मुन्नों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। नोडल दीपक महेंद्रा द्वारा अभिभावकों को बाल वाटिका सुविधाओं और कक्षा-1 प्रवेश की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लर्निंग कॉर्नर, वंडरबॉक्स शिक्षण अधिगम सामग्री और खेल सामग्री का प्रदर्शन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिखा चौधरी ने बताया कि यह उत्सव नामांकन बढ़ाने और प्रारंभिक शिक्षा को सशक्त बनाने का प्रयास है। सभी नवप्रवेशित बच्चों को उपहार देकर स्वागत किया गया। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में निधि खुराना- सहायक अध्यापिका, दिनेश कुमार- सहायक अध्यापक, आंगनबाड़ी सहायिका बृजेश कुसुम, रिंकी और अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

# डीएम के पूर्व ओएसडी हरीश शर्मा की पत्नी का निधन



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी के पूर्व ओएसडी हरीश शर्मा निवासी पंचवटी कॉलोनी बिजनौर की पत्नी विनीता शर्मा का गुरूवार को निधन हो गया। आज पूर्वाह्न करीब 11 बजे मध्य गंगा बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी शव यात्रा में नगर के अनेक प्रमुख व्यक्तियों सहित खासी भीड़ रही। चिंगारी परिवार उनके निधन पर हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करता है।

# बीसीसीआई ने जारी किया आईपीएल के दूसरे चरण का कार्यक्रम

## 24 मई तक होंगे लीग मैच, प्लेऑफ पर दी जानकारी




**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2026 के दूसरे चरण का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। हालांकि, बोर्ड ने फिलहाल प्लेऑफ और फाइनल मैच की तारीख और स्थल का ऐलान नहीं किया है। लेकिन सूत्रों के अनुसार, खिताबी मुकाबला 31 मई को बंगलूरू में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने 70 लीग मैचों का कार्यक्रम घोषित किया है, जो 24 मई तक चलेगा। आईपीएल के 19वें सीजन की शुरुआत 28 मार्च से होगी। बोर्ड ने पहले 20 मैचों का कार्यक्रम घोषित किया था और अब दूसरे चरण में बीसीसीआई ने लीग चरण के शेष 50 मैचों का शेड्यूल जारी कर दिया है। आईपीएल 2026 का कार्यक्रम दो भागों में जारी किया गया है। पहले 20 मैचों का शेड्यूल जारी हुआ था और अब लीग चरण के शेष 50 मैचों का कार्यक्रम घोषित किया गया है। इसका कारण पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव हैं। असम, पुडुचेरी, केरल, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव के नतीजे चार मई को जारी होंगे। बीसीसीआई ने इन राज्यों में चुनाव घोषित होने के बाद लीग चरण का पूरा कार्यक्रम घोषित किया है।

# तृणमूल कांग्रेस की विदाई के साथ भाजपा चार मई को बंगाल में मनाएगी 'भगवा होली'- नितिन नवीन

**कोलकाता/नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत और तृणमूल कांग्रेस की विदाई के साथ चार मई को पार्टी भगवा होली मनायेगी। श्री नवीन ने यहां नबद्वीप जोन बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को तृणमूल कांग्रेस के भय और भाजपा के भरोसे के बीच की लड़ाई बताया। उन्होंने दावा किया कि इस बार राज्य में भाजपा की जीत तय है और 04 मई को भगवा होली मनाई जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में भय और अराजकता का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता को जान-माल, रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर डर का सामना करना पड़ रहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार में कटमनी और वसूली हर योजना में शामिल है और यही कारण है कि जनता बदलाव चाहती है। श्री नवीन ने कहा कि उनकी पार्टी भयमुक्त, भ्रष्टाचारमुक्त और विकासयुक्त सरकार देने का भरोसा देती है। उन्होंने मुफ्त इलाज, पक्के घर, बिजली और युवाओं के बेहतर भविष्य का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का कमल चिन्ह सोनार बंगाल और विकसित बंगाल का प्रतीक है।

श्री नवीन ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक मजबूत तैयारी करने का मंत्र देते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता खुद को उम्मीदवार मानकर काम करे। उन्होंने जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है और बंगाल भी इसमें अहम भूमिका निभाएगा।

राज्य की आंतरिक सुरक्षा पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठ और सीमा सुरक्षा के मुद्दों पर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मांगे जाने पर राज्य सरकार सहयोग नहीं करती, जबकि घुसपैठियों को बसाने में तत्पर रहती है।



# लतीफ ने अपने पुत्र, पुत्रवधू व पोते के खिलाफ़ मुक़दमा लिखाया

## बेटा, बहू पर मारपीट व पोते पर पुत्रवधू से अश्लीलता का आरोप

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम पुक्खेवाला निवासी अ. लतीफ ने थाना अध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसका पुत्र अतीक, पुत्रवधू सईदा बहुत ही चालाक, झगड़ालू व मुकदमेबाज हैं, जिन्हें उसने अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रखा है जिसके कारण वे उससे रंजिश रखते हैं। लतीफ का आरोप है कि बुधवार की दोपहर अतीक, सईदा व पोता अफसार एक राय होकर घर में घुस आए और सैप्टिक टैंक को हथौड़े से तोड़ने लगे, जिन्हें ऐसा करने से रोका तो ये तीनों गाली-गलौच व मारपीट करने लगे और शोर सुनकर आई दूसरी पुत्रवधू शहाना पत्नी रईस के साथ भी इन्होंने मारपीट की। लतीफ का आरोप है कि अफसार ने अपनी चाची शहाना को बुरी नीयत से पकड़कर उसके साथ अश्लीलता की, जिसका विरोध किया तो अतीक ने शहाना के सिर पर ईंट मारकर उसे घायल कर दिया। लतीफ ने इन पर धमकाने का भी आरोप लगाते हुए इनसे जान-माल का खतरा बताकर रेहड़ पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। रेहड़ थाना प्रभारी राजीव कुमार वर्मा का कहना है कि लतीफ अहमद की तहरीर के आधार पर आरोपी अतीक अहमद, उसकी पत्नी सईदा खातून व इनके पुत्र अफसार अहमद निवासीगण ग्राम पुक्खेवाला थाना रेहड़ के विरुद्ध बीएनएस की धारा 3(5)/ 115(2)/ 333/ 352/ 351(2)/74 व 324 (4) के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# सुखाने के लिये छत पर रखी सरसों जलकर राख

## आग लगने से 50 हजार रूपये का नुकसान



**किरतपुर ( चिंगारी )।** छत पर रखी सूखी सरसों में आग लगने से लगभग 50000 का नुकसान हो गया। आग लगने का पता नहीं चल सका। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम मुस्सेपुर उर्फ इस्लामपुर साहलौ के मतीन पुत्र मजीद ने सरसों की कटी फसल छत पर सूखने के लिए रखी थी। कल दोपहर अचानक उसमें आग लग गई। सूखी फसल होने के कारण आग की तेज लपटें उठने लगीं, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। मतीन जंगल में था तुरंत घर पहुंचा। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई, मगर जब तक सारी फसल जल गई थी। छत पर कपड़े भी सूख रहे थे, वे भी जल गए। आग से लगभग 50000 का नुकसान हो गया। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल पाया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

## बिलाई मिल ने समस्त पर्चियां निर्गत कीं

**हल्दौर ( चिंगारी )।** बजाज हिंदुस्थान ग्रुप की बिलाई चीनी मिल द्वारा कैलेंडर की समस्त पर्चियां निर्गत कर दी गयी हैं। फ्री पर्चियां गेट/सेंटर पर उपलब्ध हैं। जिस भी किसान भाई के पास मिल आपूर्ति योग्य गन्ना शेष है, वह 28 मार्च तक मिल में अवश्य आपूर्ति कर दें।

# सम्राट अशोक मौर्य साम्राज्य के महान शासक थे - अख़लाक़ पप्पू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं श्रद्धांजलि दी। आयोजित विचार गोष्ठी में प्रवक्ता अख़लाक़ पप्पू ने कहा कि सम्राट अशोक मौर्य साम्राज्य के महान शासक थे, उनकी जयंती अक्सर चैत्र शुक्ल अष्टमी को पड़ती है। उन्होंने नरसहार से दुखी होकर बौद्ध धर्म अपना लिया और अहिंसा, प्रेम के मार्ग पर चल पड़े। हम सभी को आज उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। सभी एकजुट होकर आने वाले 2027 के चुनाव की तैयारी में लगें और सपा सरकार बनाएं। कार्यक्रम में लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रजत त्यागी, राजा भैया, अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव नमन कुमार, वरिष्ठ नेता देवानन्द भुईयार, प्रमोद प्रधान, मयूर सिंह यादव, संजय पाल, सुरेन्द्र वाल्मीकि, सलमान, साहिल आदि मौजूद रहे।




# हल्दौर में 5 अप्रैल को आई कैम्प

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मौ. शुएब व उसकी पत्नी तहसीमा जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा मैं अपने पुत्र को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**– मौ. राशिद पुत्र जहूर, निवासी ग्राम रेहरा, पोस्ट सबदलपुर रेहरा, थाना हीमपुर दीपा, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।**

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के समाजसेवी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 5 अप्रैल दिन रविवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें चिकित्सक मरीजों की आंखों का चैकअप कर उसी दिन मोतिबिन्द के मरीजों को ऑपरेशन के लिये अपने साथ लें जाएंगें। मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 5 अप्रैल से पूर्व प्रातः10 बजे से सायं 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करा सकते हैं।



# बिजनौर बैराज बना 'सुसाइड प्वाइंट'

## हर सप्ताह एक मामला, रेलिंग व जाल लगाने की मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर बैराज पर लगातार बढ़ रही आत्महत्या की घटनाओं ने लोगों में गंभीर चिंता पैदा कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पुल अब 'सुसाइड प्वाइंट' के रूप में बदनाम होता जा रहा है, जहां लगभग हर सप्ताह एक मामला सामने आ रहा है। इन घटनाओं में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हैं। दवा व्यापारी, Indian Institutes of Technology से जुड़े इंजीनियर और पुलिसकर्मियों तक के नाम सामने आने से स्थिति की गंभीरता और बढ़ गई है। इस मामले को लेकर समाजसेवी मनोज शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायत प्रेषित कर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने बैराज पुल पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी को प्रमुख कारण बताया है। उन्होंने विशेष रूप से पुल पर ऊंची रेलिंग और सुरक्षा जाल (नेट) लगाए जाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा, अन्य सुरक्षा उपायों को भी लागू करने की आवश्यकता जताई गई है।



# शेरकोट के मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



कन्याओं को भोजन कराते पंडित कृष्ण कुमार कौशिक।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी के अवसर पर माता के मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ दिखाई दी। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में विधि विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर कन्याओं को भोजन कराया और दक्षिणा देकर व्रत का परायण किया। इस दौरान नगर के द्रौपदा मंदिर, गढ़ी मंदिर, देवी मंदिर और ग्राम हादकपुर मार्ग पर स्थित प्राचीन मां तारा देवी आश्रम आदि मंदिरों को भव्य ढंग से सजाया गया। सुबह सवेरे से श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पहुंचकर प्रसाद चढ़ाकर मनोकामनाएं मांगीं। काफी संख्या में नगर के द्रौपदा मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को अपने घरों में बुलाया, उनका तिलक व चरण प्रक्षालन कर नवरात्र के व्रत पूर्ण किए और प्रेमभाव पूर्वक कन्याओं का पूजन और भोजन कराकर उपहार व चुनरी भेंट की। ग्राम उमरपुर आशा निवासी पंडित कृष्ण कुमार कौशिक ने बताया धीरे-धीरे कन्याओं की कमी होती जा रही है, जिस कारण श्री दुर्गा अष्टमी के अवसर पर पूजन के लिए कन्याओं को ढूंढना व प्रतीक्षा करना पड़ा है। इस अवसर पर क्षेत्र भर में सुबह से शाम तक उत्साह का माहौल बना रहा।

# बिजनौर में रामनवमी पर निकली साईं बाबा की पालकी यात्रा

## देवेन्द्र कुमार शर्मा व दुष्यंत शर्मा ने किया भव्य स्वागत


साईं बाबा की पालकी का स्वागत करते हुए श्रद्धालु।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यहां शंभा बाजार स्थित श्री शिरडी साईं साधना संस्थान में रामनवमी का महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से बाबा की भव्य पालकी निकाली गई। नगर में कई स्थानों पर पालकी का स्वागत फूलों से किया गया। विभिन्न स्थानों पर प्रसाद बांटा गया। नई बस्ती में बिजनौर टाइम्स संस्थान के पास बाबा के अनन्य भक्त श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा एवं उनके सुपुत्र दुष्यंत कुमार शर्मा (शीरे वाले) और इनके परिजनों ने पुष्प वर्षा व आरती कर पालकी यात्रा का स्वागत किया। साथ ही कढ़ी-चावल का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के नामित सभासद आशीष अग्रवाल एवं पीयूष राज, समाजसेवी नीरज तुली, ललित अग्रवाल (अनुपम मैचिंग) तथा राजेन्द्र गौतम आदि मौजूद रहे। उधर, साईं मंदिर से शुरू हुई पालकी यात्रा में अरुण कुमार खन्ना, नीरज तुली, राजेंद्र गौतम, उमा गौतम, कुसुमलता, उषा, योगिता शर्मा आदि ने बाबा की पालकी उठाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पहुंचकर बाबा की आरती की गई। उसके पश्चात बाबा का प्रसाद वितरण किया गया।


बाबा की आरती करते हुये दुष्यंत शर्मा व उनकी माता जी।

## प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** योगी अनंतयोग एवं प्राकृतिक चिकित्सा ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश कुमार के द्वारा चांदपुरा बंगाली कॉलोनी में प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों की मसाज चिकित्सा एक्यूप्रेशर चिकित्सा, नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन सुखरंजन सिंह, सपन दास ने किया। निरंजन सिंह, असीम, आनंद, नीलकमल, डॉ. मंगल मजबूरदार, श्रीमती प्रमिला, सुखदेव हालदार, विष्णु पद बैरागी आदि मौजूद रहे। लगभग 100 लोगों ने उपचार कराया। रामनवमी के पावन पर्व पर मां दुर्गा के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## वॉलीबॉल खेलने को लेकर भिड़ गये दो पक्ष, एक युवक घायल

**नहटौर ( चिंगारी )।** वॉलीबॉल खेलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। ग्राम शमसाबाद निवासी लविश कुमार गांव में ही बारात घर के पास वॉलीबॉल खेल रहा था। बताया जाता है कि गांव के ही कुछ युवकों से वॉलीबॉल खेलने को लेकर विवाद हो गया, जिसमें दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। आरोप है कि कुछ युवकों ने जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से लविश पर हमला कर दिया, जिसमें लविश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नहटौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## कन्याओं और लांकुरों को जिमाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आज चैत्र नवरात्र की नवमी के अवसर पर वैष्णो विहार कॉलोनी में कन्याओं और लांकुरों को जिमाया गया। इस अवसर पर वैष्णो विहार निवासी प्रशांत शर्मा ने भी अपनी पत्नी मंजरी शर्मा और बच्चों के साथ इस परंपरा को निभाया तथा देवी मां के रूप में आई कन्याओं से आशीर्वाद ग्रहण किया।

## स्वयं सेवकों ने रामनवमी पर निकाला पथ संचालन



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** हिंदू नव संवत्सर तथा चैत्र शुक्ल पक्ष रामनवमी पर आरएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा गत दिवस रेहड़ में पथ संचलन किया गया। गीता देवी इंटर कॉलेज परिसर से शुरू हुआ यह पथ संचलन संघ के पारंपरिक बाद्य यंत्र, बिगुल ध्वनि तथा आद्य सर संचालक प्रणाम के साथ प्रारंभ हुआ। बौद्धिक प्रमुख मुकेश कुमार ने अपने उद्बोधन में आरएसएस के सौ वर्ष के इतिहास पर प्रकाश डाला। पथ संचलन बस स्टैंड, मुख्य बाजार सहित अनेक रास्तों से होता हुआ पुन: गीता देवी इंटर कॉलेज में आकर संपन्न हुआ। पथ संचलन में मुख्य रूप से घोष प्रमुख विपिन कुमार, खंड कार्यवाहक रामगढ़ शोभित शर्मा, गौरव कुमार, शाखा कार्यवाहक निलेश दुबे, नगर सर संचालक रमेश चौहान सहित हरगोविंद सिंह, रचित शर्मा, आशीष कौशिक आदि मौजूद रहे।

## नवागत प्रभारी अमित कुमार का स्वागत किया

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्तेजार मूसा के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष बिजनौर विमल सिंह के नेतृत्व में नजीबाबाद थाने में नव नियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के पदभार ग्रहण करने पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर किसान यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और सभी ने एकजुटता का परिचय दिया। स्वागत करने वालों में जिला महासचिव संजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष सरताज जौहरी, तहसील अध्यक्ष हैप्पी शर्मा, तहसील उपाध्यक्ष अर्जुन चौधरी, जलालाबाद नगर अध्यक्ष दानिश शेख, नगीना तहसील अध्यक्ष घनश्याम प्रमोद कुमार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवागत थाना प्रभारी अमित कुमार ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों से आत्मीयता के साथ परिचय प्राप्त किया और उनके स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता है तथा आमजन की समस्याओं का निष्पक्ष एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि वे प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करेंगे। इस स्वागत समारोह ने पुलिस एवं किसान संगठन के बीच बेहतर तालमेल और विश्वास की नई मिसाल पेश की।


थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार को सम्मानित करते हुए किसान यूनियन के पदाधिकारी



## राशिफल


विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्


**शनिवार, 28 मार्च 2026**

मेष- आज दिन 9/36 बजे तक भाग्योन्नति, रचनात्मक कृत्यों से यश की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, शेष समय में दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, आय में न्यूनता।

वृषभ- आरोग्य सुख की प्राप्ति, पराक्रम से आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में अनुकूलता, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक, वाहन से सुख।

मिथुन- कार्य व्यापार में विस्तार, राजकीय पक्ष से सहयोग, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, दाम्पत्य जीवन में सुख शांति का समय।

कर्क- आज दिन 9/36 बजे तक कार्यों में बाधा, बात-बात पर क्रोध, एकाग्रता का अभाव, अशांति शेष समय में अकल्पित लाभ का सुयोग, स्वयं का निर्णय लाभप्रद।

सिंह- आज दिन 9/36 बजे तक विविध पक्षों में अनुकूलता, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, संतान पक्ष से चिन्ता कुछ कम, शेष समय आशा के विपरीत, पारिवारिक उलझनें।

कन्या- अधूरे या नवकार्य प्रगति की ओर पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, स्वाध्याय की ओर रुचि, अधीनस्थ सहयोगियों की गतिविधियों से प्रसन्नता।

तुला- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कुछेक समस्याएं आपके पक्ष में सुलझने की ओर श्रेष्ठ, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, विवादास्पद मसला हल, मनोविनोद के अवसर।

वृश्चिक- आज दिन 9/36 बजे तक स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, वैचारिक अस्थिरता, धन संचय में व्यवधान भी, शेष समय सफलता में सहायक, सोचे हुए कार्य सफल।

धनु- आज दिन 9/36 बजे तक दिनमान अनुकूल महत्वपूर्ण योजना पर कार्यारम्भ, वैमनस्यता का समापन, शेष समय में प्रतिकूलता, कार्यक्षमता में कमी की अनुभूति।

मकर- समझदारी से किया गया कार्य व लिया गया निर्णय लाभदायक, वैमनस्यता का समापन, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, संतान पक्ष का उत्कर्ष।

कुम्भ- कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में प्रगति का मार्ग प्रशस्त, कठिनाइयों के निराकरण हेतु नवप्रयास सार्थक, धन संचय की ओर रुचि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय।

मीन- आज दिन 9/36 बजे तक लाभ में कमी, धन हानि की आशंका, कर्ज के अदायगी की चिन्ता, शेष समय में शारीरिक सुख में वृद्धि, सद्विचारों के उदय से शांति।


एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722


# पार्टी विशेष का कार्यकर्ता नहीं, जनता का सेवक बनकर कार्य करें अधिकारी

**नज़रिया**

**कानून और न्याय का शासन स्थापित करने के लिये जरूरी है कि धर्मनिरपेक्ष मानसिकता वाले लोग निर्भीक होकर निष्पक्षता के साथ कार्य करें।**

समाज में समरसता लाने के लिये निर्भीकता से कार्य करने वाले प्रशासनिक व न्यायिक कार्य करने वाले अधिकारियों के मनोबल को बढ़ाये रखने के लिये समाज के प्रबुद्ध नागरिकों का सहयोग अतिआवश्यक है।

प्रशासनिक लोगों व जनता में इस बात की जागृति पैदा करनी होगी, सबको ये समझना होगा कि सरकार किसी दल की नहीं होती, सरकार बनने पर वह जनता की सरकार बन जाती है, जो दल मात्र के लोगों के लिये नहीं होती, वह सर्वसमाज और समस्त दलों के लोगों के लिये समानता के आधार पर कार्य करती है। सरकार की नीतियां और योजनाएं भी समानता के आधार पर जनता तक पहुंचाने और क्रियान्वित करने का काम प्रशासन सुनिश्चित करता है।

नि:संदेह सत्तारुढ़ दलों का प्रभाव सामाजिक व्यवस्था और ताने-बाने पर पड़ने के कारण आज के वातावरण में प्रशासनिक अधिकारियों पर उनके कार्य व्यवहार में साफ परिलक्षित होता है, जो सरासर प्रत्येक दृष्टि से गलत व अनुचित है। इस प्रथा पर अंकुश लगने के लिये और निष्पक्षता से कार्य करने के लिये हमारी न्यायिक व्यवस्था के न्यायमूर्ति ने अपने ताजा व हालिया निर्णयों में इस बढ़ते प्रभाव को कम करने का कार्य किया है, जिससे लोकतांत्रिक व संवैधानिक विचारधारा को बल मिला है, जो सराहनीय और प्रशंसनीय है।



न्यायालयों द्वारा दिये गये इस तरह के निर्णयों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस तरह के संदेश व संकेत मिलते हैं कि प्रशासनिक अधिकारी किसी दल के कार्यकर्ता नहीं होते, वे सरकार का कार्य करते हैं, सरकार सबकी होती है, किसी दल की नहीं होती। इसलिये सभी प्रशासनिक अधिकारियों को सरकार का निर्भीक सेवक बनकर कार्य करने की जरूरत है, ये ही हमारे लोकतांत्रिक संविधान की मूल आत्मा है। इसी से आर्थिक व सामाजिक विकास का रास्ता निकलेगा।

**-राजेंद्र कुमार**
एडवोकेट

# न्याय, आत्मरक्षा और शांति के द्वंद में उलझा ईरान-इज़रायल युद्ध

**-डा. पंकज भारद्वाज**



पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच युद्ध के साथ बढ़ता तनाव आज वैश्विक चर्चा का विषय बन चुका है। यह केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि इसके पीछे दशकों पुरानी राजनीतिक असहमति, सामरिक चिंताएं और वैश्विक शक्तियों की भूमिका भी जुड़ी हुई है। समय-समय पर यह तनाव प्रत्यक्ष और परोक्ष संघर्ष के रूप में सामने आता रहा है।

इस टकराव की पृष्ठभूमि में ईरान और अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे मतभेद, आर्थिक प्रतिबंध और परमाणु कार्यक्रम को लेकर विवाद प्रमुख कारण रहे हैं। इजरायल ने अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ईरान की गतिविधियों पर चिंता जताई है, जबकि ईरान ने बार-बार स्वयं को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय संतुलन के पक्ष में बताया है। इस बीच, कई बार कूटनीतिक प्रयास भी हुए, लेकिन अविश्वास और घटनाओं की श्रृंखला ने स्थायी समाधान को कठिन बना दिया।

**यदि हम इस पूरे परिदृश्य को नैतिक दृष्टिकोण से देखें, तो विश्व के प्रमुख धर्मग्रंथ स्पष्ट रूप से न्याय और सत्य के पक्ष में खड़े होने की प्रेरणा देते हैं- कुरआन में कहा गया है- 'ऐ ईमान वालो! न्याय पर दृढ़ता से खड़े रहो और अल्लाह के लिए गवाही दो, चाहे वह स्वयं तुम्हारे या माता-पिता और रिश्तेदारों के विरुद्ध ही क्यों न हो।'**

**( सूरह अन-निसा, 4:135 )**

भगवद्गीता में धर्म की रक्षा को कर्तव्य बताया गया है- 'अपने धर्म के लिए युद्ध करना तुम्हारा कर्तव्य है, उससे विमुख होना अधर्म है।'

**( अध्याय 2, श्लोक 31 )**

बाईबिल में भी न्याय और निर्बलों के पक्ष में खड़े होने की शिक्षा दी गई है- 'उन लोगों के लिए बोलो जो स्वयं नहीं बोल सकते, न्याय करो और गरीबों का हक दिलाओ।'

**( नीतिवचन 31:8-9 )**

सिख परंपरा में गुरु गोबिंद सिंह ने 'ज़फ़रनामा' में लिखा है- 'जब सभी उपाय विफल हो जाएं, तब तलवार उठाना उचित है।'

इन सभी शिक्षाओं का मूल भाव यही है कि अन्याय का विरोध करना आवश्यक है, किंतु संघर्ष को अंतिम विकल्प के रूप में ही स्वीकार किया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी यह सिद्धांत स्वीकार किया गया है कि किसी भी राष्ट्र को अपनी रक्षा का अधिकार है। किंतु इसके साथ यह भी अपेक्षा की जाती है कि सभी देश संयम बरतें और विवादों का समाधान वार्ता के माध्यम से निकालने का प्रयास करें।



यह भी एक महत्वपूर्ण पहलू है कि इस प्रकार के तनाव और संघर्ष का सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। आर्थिक कठिनाइयां, असुरक्षा और भय का वातावरण समाज को भीतर तक प्रभावित करता है। युद्ध की स्थिति में तो इसका दुष्प्रभाव और भी व्यापक हो जाता है। इतिहास गवाह है कि युद्ध कभी स्थायी समाधान नहीं देता। यह केवल विनाश और पीड़ा को जन्म देता है। इसलिए आवश्यक है कि सभी संबंधित पक्ष संवाद, कूटनीति और आपसी विश्वास को प्राथमिकता दें। निष्कर्ष यही निकलता है कि युद्ध किसी भी समस्या का आदर्श समाधान नहीं है, किंतु जब बात अन्याय के प्रतिरोध और आत्मरक्षा की हो, तो उसे पूरी तरह अनुचित भी नहीं कहा जा सकता। आज आवश्यकता इस संतुलन को समझने की है, जहां न्याय की रक्षा भी हो और शांति की स्थापना भी। मानवता का भविष्य इसी में सुरक्षित है कि हम संघर्ष नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में आगे बढ़ें।

> **इरान-इजरायल के वर्तमान तनाव में अनेक घटनाएं, आरोप-प्रत्यारोप और सैन्य गतिविधियां शामिल रही हैं। विभिन्न स्रोतों में अलग-अलग दावें और दृष्टिकोण सामने आते हैं, जिससे स्थिति और जटिल हो जाती है। ऐसे में किसी एक पक्ष को पूर्णतः सही या गलत ठहराने के बजाय यह समझना अधिक आवश्यक है कि संघर्ष के मूल कारण क्या हैं और उन्हें कैसे समाप्त किया जा सकता है।**

# छह लाख की चरस के साथ, दो लोग आये पुलिस के हाथ

## बागेश्वर से लाकर बेचते थे कोटद्वार में



कोटद्वार कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में चरस बेचने के आरोपी।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने लगभग छह लाख रुपये मूल्य की 2 किलो 930 ग्राम अवैध चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार तस्करों में एक वर्तमान में उच्च न्यायालय से जमानत पर है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा नशीले पदार्थों की बिक्री व आपूर्ति करने वाली कड़ी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ठाकुर एवं क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल के निर्देशन में पुलिस एवं सीआईयू की संयुक्त टीम बीईएल रोड क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस को दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमते दिखाई दिये। इस पर पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2 किलो 930 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान दलजीत सिंह बिष्ट, पुत्र शंभू सिंह बिष्ट, निवासी- मानपुर व विजय सिंह पुत्र बलवंत सिंह, निवासी गली नंबर-4 मानपुर के तौर पर हुई। दलजीत सिंह बिष्ट से 1 किलो 800 ग्राम व विजय सिंह से 1 किलो 130 ग्राम चरस बरामद हुई। दोनों आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट मुकदमा दर्ज कर व न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी दलजीत सिंह बिष्ट का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पूर्व में वर्ष 2020 में बागेश्वर में 1 किलो 100 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार हो चुका है, जिसमें वर्ष 2023 में उसे 10 वर्ष की सजा हुई थी और वर्तमान में वह उच्च न्यायालय से जमानत पर है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025 में भी वह कोटद्वार थाना क्षेत्र से 676 ग्राम चरस के साथ जेल जा चुका है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने एवं स्वयं नशे के आदी होने के कारण वे चरस तस्करी में संलिप्त थे। दोनों आरोपी चरस बागेश्वर निवासी एक व्यक्ति से लाकर क्षेत्र में छात्रों एवं वाहन चालकों को ऊंचे दामों में बेचते थे।

## ‘अफसर-बिटिया’ कार्यक्रम आयोजित

### निबंध व कला प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं पुरस्कृत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत बाल विकास परियोजना एकेश्वर द्वारा पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में अफसर बिटिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमंती रावत ने अभियान के उद्देश्यों एवं महत्व पर जानकारी दी, वहीं सुपरवाइजर शारदा रानी ने विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत कराया। तत्पश्चात छात्राओं के लिए तीन श्रेणियों में निबंध एवं कला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें इंटरमीडिएट स्तर पर रितिका ने प्रथम, श्वेता ने द्वितीय एवं हेमलता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल स्तर पर कनिष्का प्रथम, आकांक्षा द्वितीय एवं इशिका तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं जूनियर स्तर पर स्वाति पहले, निशा दूसरे तथा जीविका तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को परियोजना अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## दो दिन मनाया जायेगा भगवान महावीर का जन्मकल्याणक महोत्सव

### 31 को निकलेगी रथयात्रा



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** हरिद्वार रोड स्थित श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में श्री1008 महावीर भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव 30 मार्च 2026 से 31 मार्च तक धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें 30 मार्च को सामूहिक प्रक्षावलन, शांति धारा नित्य पूजा, भजन संध्या संगीत होगा। 31 मार्च को नित्य नियम पूजा पाठ कर रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो हरिद्वार मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई वापस मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में महेंद्र कुमार जैन, रमेश चंद जैन, प्रमोद कुमार जैन, श्रवण कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन, अरविंद कुमार जैन, सचिन कुमार जैन, राकेश कुमार जैन, संजीव कुमार जैन, अशोक कुमार जैन, नवीन कुमार जैन, सुरेश कुमार जैन, राजेंद्र कुमार जैन, अतुल कुमार जैन, सुभाष चंद्र जैन, मनीष कुमार जैन, अंकुर जैन, महेश चंद जैन आदि उपस्थित रहेंगे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## क्रैडल स्कूल में स्काउट गाइड शिविर लगाया, विद्यार्थियों ने टैंट निर्माण करके दिखाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत निंबूचौड़ स्थित क्रैडल पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन हो गया है। विद्यालय परिसर में आयोजित शिविर के अंतिम दिन शिक्षकों ने जानकारी देते हुए कहा कि स्काउट गाइड के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज सेवा करने का अवसर मिलता है। आपदा के समय किस तरह बचाव करना है, यह सीखना भी स्काउट गाइड का एक मुख्य अंग है। विद्यार्थियों को शिविर में मिलने वाली जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने टैंट बनाकर अपनी प्रतिभा भी दिखाई। विद्यालय की संरक्षक रेणुका गुसाईं ने कहा कि बच्चों के बेहतर विकास के लिए समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर वैभव गौड़, राजीव गुसाईं, राजेश कुमार और रजनी नेगी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# हेल्थ की बेहतरी के लिये वित्तीय प्रबंधन जरूरी - मनोज कुमार

## एम्स में नेशनल यूथ कॉक्लेव-युवा जोश कार्यक्रम का आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में युवाओं को जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टकोण अपनाने और हेल्थ के साथ वेल्थ पर भी आवश्यक रूप से ध्यान देने के लिए प्रेरणा से ओतप्रोत नेशनल यूथ कॉक्लेव-2026 ‘युवा जोश कार्यक्रम’ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फाइनेंस के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने बेहतर जीवनयापन के लिए निरोगी काया के साथ साथ स्वस्थ वित्तीय प्रबंधन की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि जीवन जीने के लिए हेल्थ का बेहतर होना जरूरी है, मगर हेल्थ की बेहतरी भी बिना वित्तीय प्रबंधन के संभव नहीं है, लिहाजा यह वर्तमान जीवन में नितांत आवश्यक है।

एम्स ऑडिटोरियम में आयोजित युवा जोश कार्यक्रम में संस्थान की कार्यकारी निदेशक एम्स प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि युवा जोश कार्यक्रम युवाओं को प्रेरित करने का बेहतर कांसेप्ट है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए युवाओं से जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने को कहा। मुख्य अतिथि सेबी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनोज कुमार ने बेहतर जीवन के लिए स्वस्थ्य वित्तीय प्रबंधन के साथ साथ संयम पर भी जोर दिया। संस्थान के डीन एकेडमिक प्रो. सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी के पास आगे बढ़ने के लिए बेहतर संसाधन हैं, लिहाजा युवा, जीवन में सफलता का मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने चुनौतियों का सामना करने की दृष्टि से आज के युवाओं में धैर्य की कमी बताई। कहा कि आज की पीढ़ी सबकुछ जल्दी से हासिल करना चाहती है, जो कि संभव नहीं है। म्युचुअल फंड ऑफ इंडिया एएमएफआई के वरिष्ठ सलाहकार सूर्यकांत शर्मा ने युवा जोश कार्यक्रम की सराहना की, साथ ही कहा कि हेल्थ व वेल्थ के समन्वय से देश में मिशन चलाने की जरूरत है। एएमएफआई के चीफ एग्जिक्यूटिव वेंकट एन.चलासानी ने जीवन फाइनेंशियल प्लानिंग को जरूरी बताया, कहा कि सभी को ऐसा करना चाहिए। युवा जोश कार्यक्रम के आयोजन सचिव एडिशनल प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि फाइनेंस आज के युवाओं के लिए एक गोल है जबकि हेल्थ जिंदगी के लिए एक मजबूरी बन गई है। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य को युवाओं की नब्ज और बेहतर वित्तीय प्रबंधन को उनकी धड़कन बताया। कार्यक्रम में प्रोफेसर शैलेंद्र शंकर हांडू, प्रो. रश्मि मल्होत्रा एवं संस्थान के फैकल्टी सदस्य, चिकित्सक आदि मौजूद रहे।

### वॉकथान का आयोजन

कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह वॉकथान का आयोजन किया गया जिसमें सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने एम्स के गेट नंबर- एक से वॉकथान को रवाना किया। इसके बाद योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को संस्थान के योग विशेषज्ञों ने विभिन्न यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया।

### यह हुये सम्मानित

युवा जोश कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजन समिति से जुड़े डा. दिलीप वैष्णव, डॉ. सौजन्या, डॉ. कमलेश, डॉ. आशीष जैन, डॉ. राजीव चौधरी आदि को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति की ओर से निदेशक एम्स प्रो. मीनू सिंह ने उन्हें स्मृति चिह्न व प्रशस्तिपत्र भेंटकर सम्मानित किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# अयोध्या में रामलला का 'सूर्य तिलक'

## दोपहर 12 बजे 4 मिनट तक ललाट पर चमकीं किरणें

**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** रामनगरी अयोध्या में शुक्रवार दोपहर ठीक 12 बजे अभिजीत मुहूर्त के दौरान प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक किया गया। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह बालक राम का दूसरा सूर्य तिलक है, जिसमें करीब 4 मिनट तक सूर्य की नीली किरणें उनके ललाट पर पड़ती रहीं। इस अलौकिक दृश्य को साकार करने के लिए बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने विशेष उपकरणों का निर्माण किया था, जिनका परीक्षण 24 मार्च को ही पूरा कर लिया गया था। रामनवमी के इस विशेष अवसर पर भगवान को पीले रंग के वस्त्र पहनाए गए और जन्मोत्सव के समय गर्भगृह में 14 विशेष पुजारी मौजूद रहे। सूर्य देव की किरणों को दर्पण और लेंस के जरिए परावर्तित कर सीधे रामलला के मस्तक तक पहुंचाया गया।

### वैज्ञानिकों की मेहनत और रामत्व का संगम

बेंगलुरु के वैज्ञानिकों ने सूर्य की गति का गहन अध्ययन कर ये खास उपकरण तैयार किए हैं। ट्रस्ट के अनुसार, इन उपकरणों की डिजाइन ऐसी है कि अगले 19 सालों तक सूर्य की गति में होने वाले बदलावों के बावजूद किसी छेड़छाड़ की जरूरत नहीं होगी। दोपहर 12 बजे जैसे ही सूर्य की किरणें मंदिर के ऊपरी हिस्से से टकराईं, वे परावर्तित होकर सीधे रामलला के ललाट पर तिलक के स्वरूप में उभर आईं। इस पूरे नजारे को कैद करने के लिए मंदिर परिसर में 6 विशेष कैमरे लगाए गए थे और दूरदर्शन समेत सोशल मीडिया पर इसका सीधा प्रसारण किया गया।



### दर्शन के समय में बदलाव और सुरक्षा के इंतजाम

रामनवमी पर उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए दर्शन के समय में विस्तार किया गया है। श्रद्धालु सुबह 5 बजे से लेकर रात 11 बजे तक रामलला के दर्शन कर सकेंगे। हालांकि, सूर्य तिलक के विशेष अनुष्ठान के दौरान सुरक्षा और गरिमा बनाए रखने के लिए तिलक से आधा घंटा पहले और आधा घंटा बाद तक वीआईपी पास के जरिए प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। आरती पास धारकों के लिए ट्रस्ट ने एक अलग लाइन की व्यवस्था की है। आम दिनों में दर्शन का समय सुबह 6:30 से रात 9:30 बजे तक रहता है, लेकिन आज यह उत्सव देर रात तक चलेगा।

खुल गया! खुल गया!
**श्री लाइट**
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
**सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज**
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

**आवश्यकता है**
**R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL**
(C.B.S.E. Pattern An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कला बिजनौर को
S.S.T और English विषयों को पढ़ाने के लिए टीचर (कक्षा 6 से 10 तक) की
स्टाफ के लिए आने व जाने की फ्री सुविधा भी उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- 8394838034, 8954568123, 9359888044

## तेहरान में भारी बमबारी

मिडिल ईस्ट में जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुकी है। ईरान-इजरायल के के बीच ताबड़तोड़ हमले जारी हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी है कि हालात और बिगड़ सकते हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरानी नेता अब समझौता करने के लिए भीख मांग रहे हैं। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। ईरान, इजरायल और लेबनान के बीच ताजा हमलों ने पूरे क्षेत्र में स्थिति और तनावपूर्ण बना दी है। इजरायल ने ईरान के भीतर कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों पर सटीक हमले किए हैं। इस बीच, इजरायल ने दावा किया है कि उसने एक हमले में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी को मार गिराया है। वहीं ईरान की ओर से भी मध्य और उत्तरी इजरायल को निशाना बनाकर दर्जनों मिसाइलें दागी गईं। इजरायली शहरों में इंटरसेप्शन के बाद उनका मलबा गिरने की खबरें मिली हैं।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताएें:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताएें:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928





Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

**आवश्यकता है**
हल्दौर में एक प्रतिष्ठित फर्म के लिए Multihead Embroidery Machine के कुशल ऑपरेटर की आवश्यकता हैं।
योग्य व्यक्ति संपर्क करें।
मो- 8191819148